चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 269 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
27 मार्च 2025 गुरुवार

आज का मौसम
38 अधिकतम
22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




### 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैक्स की शुरुआत के पहले द्विपक्षीय चर्चा सही राह पर बढ़ी

# टैरिफ टेरर के बीच गुडन्यूज़, भारत को पच्चीस फीसदी वाली श्रेणी से अलग रखेगा अमेरिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

2 अप्रैल से अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर अमेरिकी रेसिप्रोकल टैक्स लगाने जाने की तैयारी से भारतीय उद्योग जगत चिंता में है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आयतित कारों पर 25 फीसदी के हाई टैरिफ का ऐलान कर भारतीय बाजार को भयभीत कर रखा है लेकिन अब भारत के लिए इस बीच एक गुड न्यूज भी आई है। कहा जा रहा है कि अब अमेरिका ने तय किया है कि इस मामले में भारत को चीन, मेक्सिको और कनाडा से नहीं जोड़ेगा और भारत देश को अलग टैरिफ कैटेगरी में रखने के संकेत दिए हैं। इस बीच अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता के अच्छी तरह से आगे बढ़ने की खबर भी है और इसमें किसी भी तरह का कोई गतिरोध नहीं दिख रहा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत के व्यापार अधिकारियों ने दिल्ली में अपने समकक्षों को बताया है कि अमेरिका कथित तौर पर भारत को चीन, मेक्सिको और कनाडा के साथ नहीं जोड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने यह भी बताया है कि नया टैरिफ स्ट्रक्चर चरणबद्ध हो सकता है और हाई डिमांड वाले सामानों पर टैरिफ में कमी देखने को मिल सकती है, जिससे भारत को कुछ सेक्टर्स में बड़ी राहत मिल सकती है। अनुमान जताया जा रहा है कि ये वार्ता अगले तीन दिनों के भीतर नई डील की रूपरेखा को अंतिम रूप दे सकती है। हालांकि, इस दौरान अमेरिकी अधिकारियों द्वारा भारत पर अधिक रियायत के लिए दबाव भी डाला गया है। बावजूद यह भारत के लिए ये राहत भरी खबर मानी जा रही है और ऐसे समय में आई है, जबकि ट्रंप द्वारा चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के बाद इसे बढ़ाकर 20 फीसदी कर दिया गया है। यही नहीं उन्होंने बीते 1 फरवरी को मेक्सिको और कनाडा पर 25 फीसदी का टैरिफ लगाए जाने की घोषणा की थी, जिसके बाद पलटवार करते हुए चीन, कनाडा और मेक्सिको ने भी अमेरिकी सामानों पर हाई टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

ताजा खबरों की मानें, तो व्यापार अधिकारियों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ अपनी पहली व्यक्तिगत बैठक की है। खास ये है कि बैठक 2 अप्रैल की समय सीमा से पहले हुई, जिस तारीख से भारत पर ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने वाला है। इसमें कहा गया है कि ट्रंप प्रशासन भारत को उक्त तीन देशों के साथ नहीं जोड़ता है। इसके पीछे की वजह ये है कि यूएस के पास चीन, मेक्सिको और कनाडा के साथ करेंसी हेरफेर, अवैध प्रवास के साथ ही अन्य कई तरह की सुरक्षा चिंताओं से संबंधित गंभीर मुद्दे हैं। जबकि भारत के साथ अमेरिका का केवल टैरिफ का मुद्दा है। दोनों देश सौहार्दपूर्ण ढंग से इसे सुलझा रहे हैं।



**अमेरिकी ईवी, आटोमोबाइल व वाइन पर भारत नर्म :** बताया जा रहा है कि भारत ने पहले ही उन उत्पादों के बारे में संकेत दे दिया है जिन पर वह टैरिफ कम करने को तैयार है। इनमें अमेरिका से आने वाले कई उत्पाद हैं, जिनमें ईवी, ऑटोमोबाइल, बाइक और वाइन-अल्कोहल के साथ-साथ अमेरिका से आने वाले कुछ एग्रो प्रोडक्ट्स भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि शुरुआती प्रस्ताव के साथ-साथ चल रही वार्ता से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अगले महीने से लगाए जाने वाले पारस्परिक टैरिफ से कुछ राहत मिलेगी।

## ट्रंप के एनएसए की चूक, हूती ऑपरेशन लीक हुआ

**वाशिंगटन।** अब अमेरिका की डोनाल्ड ट्रंप कैबिनेट नए विवाद में घिर गई है। अमेरिका का सिग्नल गेट दुनियाभर में चर्चा में है। दरअसल ट्रंप कैबिनेट की एक चूक भारी पड़ती नजर आ रही है। यमन में हूती विद्रोहियों पर हमले की पूरी प्लानिंग ट्रंप की कैबिनेट इसी सिग्नल चैटिंग एप पर कर रही थी लेकिन इसे दुनियाभर में लोग जान रहे थे? सिग्नल एक मैसेजिंग ऐप है, जिस पर ट्रंप कैबिनेट के 18 कद्दावर मंत्रियों ने मिलकर एक ग्रुप बनाया था, ग्रुप का नाम हूती पीसी स्माल ग्रुप रखा था। इसमें उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से लेकर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वॉल्ट्ज, एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर तुलसी गबार्ड जैसे कई हाई प्रोफाइल मंत्री हैं। लेकिन एनएसए वॉल्ट्ज ने गलती से एक अमेरिकी मैगजीन के एडिटर इन चीफ जेफ़े गोल्डबर्ग को इस ग्रुप में शामिल कर लिया। ग्रुप में हूती विद्रोहियों पर हमले की प्लानिंग हो रही थी कि कौन सा हमला, कब, कहां और किन हथियारों से करना है। जिसे गोल्डबर्ग ने सार्वजनिक कर दिया।

## कांग्रेस नेता के बयान पर बवाल, भाजपा ने कहा- कार्रवाई हो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह के बयान पर भाजपा नाराज है। पार्टी ने कहा है कि यदि कांग्रेस कार्रवाई नहीं करती है तो यह उसका अधिकृत बयान माना जाएगा। मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कांग्रेस हिंदू देवी देवताओं और सनातन का अपमान करती आई है। अब हमारे साधु संतों की तुलना सांडों से की जा रही है। यह तुलना उस मंच पर की गई जहां पर प्रदेश अध्यक्ष मौजूद थे। सारंग ने कहा कि कांग्रेस राम मंदिर को लेकर टंगड़ी अ?ाना, रामसेतु तोड़ने का षड्यंत्र करती है। उल्लेखनीय है कि राजेंद्र सिंह ने कल सतना में कहा था कि भाजपा ने साधुसंतों, सन्यासी, महामंडलेश्वरों को जनता के बीच छोड़ दिया है कि हिंदुत्व व भाजपा का प्रचार करो और ये सांड दूसरों का खेत चर रहे हैं।

## अंडे का ठेला और पचास करोड़ के नोटिस का झमेला

**दमोह।** पथरिया में रहने वाले युवक प्रिंस सुमन को आयकर विभाग ने 50 करोड़ रुपये के वित्तीय लेनदेन का नोटिस थमाया तो उसके परिवार में हडकंप मच गया। वह हाथठेले पर अंडा बेचने का काम करता है। नोटिस मे 2022 से 2023 के बीच हुए लेनदेन का जिक्र है। फिलहाल परेशान युवक ने पुलिस अधीक्षक दमोह समेत अन्य अधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया है। प्रिंस को 20 मार्च को दिल्ली आयकर विभाग से नोटिस मिला है। जिसमें 49 करोड़ 24 लाख 57 हजार 217 रुपये के वित्तीय लेनदेन का हिसाब मांगा गया था। जानकारी जुटाने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति ने प्रिंस के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर प्रिंस इंटरप्राइज फर्म का पंजीयन दिसंबर दिल्ली में कराया है। कंपनी का पता दिल्ली का है। इसका फर्जी तरीके से जीएसटी नंबर भी लिया गया और करोड़ों के वित्तीय लेनदेन कर फर्म को समाप्त भी कर दिया गया है।

## पिता ने चार बच्चों का गला रेता और खुद फांसी पर चढ़ा

**शाहजहांपुर, एजेंसी**

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। यहां राजीव कुमार नामक व्यक्ति ने बीती रात अपने चार बच्चों की हत्या कर खुदकुशी कर ली। सुबह से यहां हडकंप है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पर हैं। मरने वाले बच्चों में 13, नौ और सात साल की लड़की, जबकि पांच साल का ल?का है। राजीव की पत्नी कल ही मायके गई है। बगल में रह रहे उसके पिता पृथ्वीराज नेआज सुबह अपने पोते को चाय पीने के लिए बुलाया लेकिन अंदर से कोई आवाज नहीं आई। जब उन्होंने घर का माजरा देखा तो बिलख पड़े। बताया जा रहा है कि राजीव कुमार मानसिक दबाव में था, गृहक्लेश की बात भी सामने आयी है।

## राजस्थान से आ रही लपटों ने मध्यप्रदेश को झुलसाया



**नई दिल्ली/भोपाल।, एजेंसी**

मप्र को इन दिनों राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों से आ रही गर्म हवाओं ने तपा दिया है। प्रदेश के कई हिस्सों में तीखी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। छह जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच रहा है। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान कल 39 को छू गया ,जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक था,आज भी सुबह से तीखी धूप है। हालांकि दो दिन बाद पारा में हल्का उतार आ सकता है। उधर राजस्थान में भी अधिकतम तापमान 41 डिग्री को पार कर रहा है। अब पश्चिमी विक्षोभ के चलते सीमावर्ती जिलों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। उधर मौसम विभाग ने आज जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली-हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका है। इन राज्यों में 30-40 किमी रफ्तार से हवा चल सकती है। हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी रहेगी।

### हीटवेव प्रोन स्टेट में मप्र समेत 13 राज्य

आमतौर पर देश के 13 प्रदेशों को हीटवेव प्रोन स्टेट माना जाता है। इस लिस्ट में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ , दिल्ली, पश्चिम मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र में विदर्भ, गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं।

## बेडरूम में घुसे गाय व सांड, अल्मारी में बंद रही महिला

**फरीदाबाद, एजेंसी**

हरियाणा के फरीदाबाद में एक अजीब वाकया हुआ, यहां घर के बेडरूम में गाय और सांड जा घुसे और करीब 2 घंटे तक वहीं डटे रहे। घर में मौजूद महिला ने डर के मारे खुद को अलमारी में बंद कर लिया। पड़ोसियों ने काफी मशक्कत कर दोनों पशुओं को घर से बाहर निकला। बताया जाता है कि घर में मौजूद महिला किसी काम से घर से बाहर गई थी, घर का दरवाजा खुला रह गया। जब घर की बहू पूजा कर रही थी तभी गाय उनके घर में घुस गई और गाय के पीछे ही सांड आ गया। दोनों पशु बेडरूम तक पहुंचे और बिस्तर पर चढ़ गए। डर के मारे बहू ने खुद को अलमारी में बंद कर लिया। लोगों ने उन पर पानी डालने से लेकर पटाखे चलाने तक की सभी तरकीब अपनाई गई, बाद में एक पड़ोसी अपने पालतू कुत्ते को लेकर वहां पहुंचा और जब कुत्ते ने भौंकना शुरू कर तो एक-एक कर दोनों पशु घर से बाहर निकल गए।

## शहादत को सम्मान...




**भोपाल।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज शहीद पुलिस उपनिरीक्षक रामचरण गौतम के परिवार को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा अनुदान का एक करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया। बीते दिनों गदरा जिला मऊगंज में कर्तव्य निर्वहन के दौरान उप निरीक्षक रामचरण गौतम का निधन हो गया था। उनके परिवार को आज यह राशि सौंपी गई। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक सहित भारतीय स्टेट बैंक के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## कुणाल का नया वीडियो साड़ी वाली ताई !

**मुंबई, एजेंसी**

विवाद में फंसे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने अब नया वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने परोक्ष रूप से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। कुणाल ने पैरोडी सॉन्ग में गाया कि साड़ी वाली दीदी लोगों की सैलरी लूटने आई हैं, उनका नाम निर्मला ताई है। कुणाल बीते दिनों ?एकनाथ शिंदे समर्थकों के निशाने पर आने के बाद पांच दिन में इस तरह के 3 नए वीडियो पोस्ट कर चुके हैं। 22 मार्च को अपने शो में शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। इसके बाद शिंदे समर्थकों ने उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की थी, जहां यह शो रिकॉर्ड किया गया था। कुणाल पर केस भी दर्ज किया गया है। उन्हें मुंबई पुलिस ने आज ही दूसरा समन भेजा है। कुणाल ने गत दिवस जारी पैरोडी सांग में हम होंगे कामयाब की लाइन को बदलकर उन्होंने हम होंगे कंगाल एक दिन कर दिया था।

**टी सीरीज से कहा-कठपुतली मत बनो :** अब कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। उधर, नए वीडियो में मिस्टर इंडिया के गाने पर पैराडी पर कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। इस पर आज कुणाल ने एक्स पोस्ट मे लिखा-हैलो टी सीरीज, कठपुतली बनना बंद करो। पैरोडी और व्यंग्य कानूनी रूप से फेयर यूज के अंतर्गत आते हैं। मैंने गाने के ओरिजिनल लिरिक्स या इंस्ट्रुमेंटल का इस्तेमाल नहीं किया है। अगर तुम इस वीडियो को हटाते हो तो हर कवर सॉन्ग और डांस वीडियो को भी हटाना पड़ेगा।

## गलवान में जो हुआ वह गलत पर हम चीन से रिश्ते सुधार रहे : जयशंकर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि भारत और चीन अपने रिश्तों को दोबारा से बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं। तनावपूर्ण रिश्ते किसी के लिए भी फायदेमंद नहीं है। 2020 में गलवान घाटी में जो हुआ, वह मुद्दों को सुलझाने का तरीका नहीं था। जयशंकर ने थिंक टैंक एशिया सोसाइटी के एक इंटरेक्टिव सेशन में कहा कि आगे भी भारत और चीन में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन संघर्ष में पड़े बिना उन्हें दूसरे तरीके से भी सुलझाया जा सकता है। गलवान घाटी में जो हुआ, वह वास्तव में बहुत दर्दनाक था। यह सिर्फ संघर्ष नहीं था, बल्कि लिखित समझौतों की अनदेखी की गई थी। ऐसा नहीं है कि यह मुद्दा पूरी तरह से खत्म हो गया है, हम अभी भी इस घटना से जुड़े कुछ हिस्सों से निपट रहे हैं।

**मेट्रो एंकर**

### पूर्व पायलट को साइबर ठगों ने 72 लाख का चूना लगाया

# अब अरबपति मस्क की मां ने किया साइबर फ्रॉड !

**चंडीगढ़, एजेंसी**

दुनियाभर में साइबर ठग लगातार अपनी नई-नई करतूतों से लोगों को निशाना बना रहे हैं और लाखों करोडों का चूना भी लगा रहे हैं। अब हरियाणा के फरीदाबाद में साइबर ठगी का अनोखा मामला हैरान कर रहा है। क्योंकि प्रॉफिट का लालच देने के साथ-साथ साइबर ठगों ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलॉन मस्क के नाम का भी इस्तेमाल करते हुए एक पूर्व पायलट के साथ 72 लाख रुपए से ज्यादा के साइबर फ्रॉड को अंजाम दे डाला है। बताते हैं कि पूर्व कमर्शियल पायलट शक्ति सिंह लुंबा का एक्स पर अकाउंट है। उसके माध्यम से जनवरी 2024 में उनसे एक शख्स ने संपर्क किया और खुद को एलॉन मस्क की कंपनी का



मैनेजर बताया। यह अकाउंट ऐना शेरमेन के नाम से था। ऐना शेरमेन ने ही लुंबा को एक्स पर बने एक अकाउंट मेई मास्क को फॉलो करने के लिए कहा। साथ ही पायलट को बताया गया कि यह मेई मस्क कोई और नहीं बल्कि इलोन मस्क की मां हैं। मेई ने भी एक्स पर बातचीत के दौरान खुद को एलॉन मस्क की मां बताया था। इसी बीच ऐना



शेरमेन ने लुंबा को लालच दिया कि अगर वह एलॉन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स और टेस्ला में शेयर खरीदते हैं तो वह उनकी मुलाकात एलॉन मस्क से करवा सकती हैं जब वह भारत आएंगे। लुंबा के मुताबिक वह झांसे में आ गए और उन्होंने निवेश के लिए ठगों को पैसे देने शुरू कर दिए। सबसे पहले उन्होंने 2.91 लाख रुपए निवेश किए। इसके बाद उन्हें धोखे में रखते हुए लगातार कहा गया कि आपके पैसे बढ़ रहे हैं आप और निवेश कीजिए इसी दौरान किसी शख्स ने खुद को एलॉन मस्क बताते हुए उन्हें रोलेक्स वॉच की फोटो भेज कर कहा कि यह आपको भेजने वाले हैं। इसी लालच में लुंबा लगातार निवेश की रकम बढ़ाते गए और निवेश की रकम 72 लाख 16 हजार पहुंच गई. जब उन्होंने पैसे वापस मांगे तो उन्हें कहा गया कि कंपनी का अकाउंट फ्रीज हो गया है। एलॉन मस्क जल्दी भारत आने वाले हैं तब वह उनसे मिलकर खुद उनके पैसे लौटा देंगे। लेकिन जब उन्होंने पैसे नहीं मिले तो उन्हें अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ और फिर उन्होंने पुलिस को शिकायत दी।

# सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहन बने मुसीबत, मल्टीलेवल पार्किंग खाली

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी के व्यावसायिक क्षेत्र एमपी नगर में वैसे तो जाम की समस्या हमेशा बनी ही रहती है, लेकिन बीते कुछ दिनों से वाहनों की बढ़ती भीड़ से जाम की समस्या से लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ रही है। स्थिति यह है कि दोपहर बाद से खरीदारी करने वाले लोगों की भीड़ आने से यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। एमपी नगर की दोनों जोन यानी जोन-1 और जोन-2 में सबसे बड़ी अव्यवस्था पार्किंग की है। यहां पर आने वाले वाहन चालकों द्वारा कहीं भी वहां खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे हर 10 मिनट में एमपी नगर की दोनों मेन रोड पर जाम की हालात बनते हैं। अनेक सड़कें ऐसी हैं, जहां पर आधी सड़कों पर वाहनों का कब्जा यानी पार्किंग होती है। इससे यहां से आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को दिनभर परेशानी उठानी पड़ती है। मेन रोड के अलावा यहां पर अंदरुनी सड़कें 20 फीट से ज्यादा की है, लेकिन यहां पर बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े करके आधी सड़क यानी 10 फीट से ज्यादा स्थान पर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। एमपी नगर क्षेत्र में कुछ एरिया को छोड़कर कहीं भी ज्यादा पार्किंग की व्यवस्था नहीं रहती है। अभी मेट्रो प्रोजेक्ट के चलते एमपी नगर की सभी सड़कों पर ज्यादा भीड़ हो रही है। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने जोन-1 और जोन-2 में मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था की है। लेकिन यहां पर वाहन चालक वाहन ही नहीं खड़े करते। वे जहां काम से आते हैं, वहीं सड़क पर वहां खड़ा करके चले जाते हैं, जिससे जाम के हालात बनते हैं और आवाजाही वाले लोग परेशान होते हैं।

## 20 फीट सड़क, 10 फीट पर कब्जा



**सड़क तक फैली दुकानें और उनका सामान :** एमपी नगर की तमाम सड़कों में दुकान से सटाकर गाड़ियों की पार्किंग की जा रही है। ऐसे में सिंगल सड़क पर दो तरफा वाहनों के आवागमन से जाम लग रहा है। बढ़ती ट्रैफिक अव्यवस्था की एक बड़ी वजह यह भी है कि दुकान का सामान सड़क तक फैलाकर रखा जाता है। हाथठेलों का लगना भी परेशानी बढ़ाता है।

### खानापूर्ति के लिए होती है कार्रवाई

पार्किंग की व्यवस्था होने के बाद भी यातायात विभाग की नरमी और वाहन चालकों की मनमानी के कारण यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। वाहन चालकों की मनमानी पर यातायात पुलिस सख्ती से कार्रवाई नहीं करती है। जबकि, इस मामले में लगातार व्यापारियों द्वारा शिकायत दर्ज कराई जाती है। एमपी नगर की सड़कों पर कई जगह वाहन चालकों की लापरवाही के कारण जाम की स्थिति बनती है। यहां पर कई स्थानों पर 20 फीट की सड़क पर कब्जा करके अवैध पार्किंग कराई जाती है, जिससे वह 10 फीट की ही बचती है। इस पर कार्रवाई हो। एमपी नगर में लगातार कार्रवाई नहीं होने से ये हालात बनते हैं। सड़क पर पार्किंग होने से यहां के व्यापारी और ग्राहक दोनों परेशान होते हैं। नियमित कार्रवाई होने से भय रहेगा और लोग सड़क पर पार्किंग नहीं करेंगे।

# हाईटेंशन लाइन में उलझी पतंग, डोर खींचते ही ब्लास्ट, जांच के निर्देश

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

भोपाल शहर में एक 12 साल का मासूम बालक की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसने की घटना पर मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग के संज्ञान में आया है कि अपने घर की छत पर पतंग उड़ाने के दौरान घर के ऊपर से गुजर रही हाइटेंशन विद्युत लाइन में पतंग उलझ गई, और डोर खींचते समय लाइन में तेज धमाका हुआ, जिससे मासूम बालक बुरी तरह से झुलस गया। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गये। हादसे के समय बालक के परिजन घर पर नहीं थे, इसके बाद लोगों ने घायल मासूम बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में आयोग ने महाप्रबंधक/कार्यपालन यंत्री, म.प्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वि.क.लि.क को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आयोग ने विभागीय उपेक्षा के कारण हुई दुर्घटना के संबंध में की गई कार्यवाही एवं पीड़ित बालक को निशुल्क इलाज एवं आर्थिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट भी तलब की है।

## फुटपाथ पर रहने के लिए मजबूर बुजुर्ग, कलेक्टर से जवाब तलब

भोपाल शहर के अशोका गार्डन क्षेत्र में एक 58 साल के व्यक्ति को फुटपाथ पर रहने के लिए मजबूर होने का मामला आयोग के संज्ञान में आया है। पीड़ित व्यक्ति का परिवार शहर से 113 किमी दूर गंजबासौदा में रहता है और जीवन यापन कर रहा है, लेकिन बच्चों की उदासीनता के कारण पीड़ित बुजुर्ग पिता को विगत दस सालों से राजधानी के फुटपाथ पर जीवन यापन करना पड़ रहा है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही पी?त वृद्ध पिता की उचित देखभाल, पुनर्वास एवं भरण पोषण के संबंध में सम्भावित कार्यवाही का प्रतिवेदन तीन सप्ताह में मांगा है।

## छोटी-बड़ी खबरें

### बरोह का विमोचन और परिचर्चा आज, विश्व संवाद केन्द्र में होगा आयोजन

**भोपाल।** शिवाजी नगर स्थित विश्व संवाद केन्द्र के मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी सभागार में 27 मार्च की शाम 6:30 बजे पुस्तक 'बरोह' का विमोचन एवं परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। पुणे के प्रसिद्ध विचारक एवं लेखक प्रा.प्र.ग. सहस्त्रबुद्धे की बहुचर्चित मराठी पुस्तक पारंब्या का हिन्दी अनुवाद बरोह है। पुस्तक का अनुवाद भोपाल के प्रसिद्ध अनुवादक एवं लेखक गिरीश जोशी ने किया है। पुस्तक में जीवन की चुनौतियों का सहज समाधान देने के लिए सरल एवं रुचिकर प्रसंगों पर लेखन किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. मनमोहन वैद्य बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पुस्तक प्रकाशित करने वाली संस्था श्रीभारती प्रकाशन, नागपुर द्वारा किया गया है।

### 850 मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण जरूरी

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 के अंतर्गत 12 दिन से चल रहे फीडबैक राउंड के बाद केंद्रीय टीम ने तीन राउंड का काम पूरा कर लिया है। रविवार को छुट्टी के दिन केंद्र से भोपाल की समीक्षा कर रही टीम ने गिन्नौरी में छोटा तालाब किनारे से राजा भोज सेतु तक पैदल भ्रमण किया। झील संरक्षण और किनारों पर किए गए निर्माण कार्यों सौंदर्यीकरण पर लोगों से फीडबैक लिया। इसके बाद वीआइपी रोड, लिंक रोड नंबर 1, 2, 3 पर ग्रीन डिवाइडर और ग्रीनरी विकसित किए जाने के कामों की तस्वीर व वीडियो लेकर इस सेंट्रल सर्वर पर फीड किया गया। सोमवार से शहर में गार्बेज फ्री सिस्टम और वाटर प्लस फॉर्मूले पर किए गए कामों का सर्वेक्षण होगा। गार्बेज फ्री सिस्टम के अंतर्गत यह देखा जाएगा कि शहर के 85 वार्ड के अंतर्गत प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले 850 मीट्रिक टन कचरे को नगर निगम भोपाल किस प्रकार कम कर रहा है। इसके तहत यह भी दर्ज किया जाएगा कि कचरे का वैज्ञानिक निष्पादन कैसे हो रहा है। डोर टू डोर कलेक्शन का प्रतिशत क्या है। वाटर प्लस फार्मूले पर शहर का वाटर सप्लाई नेटवर्क और शहर के प्रमुख जल स्रोत के पानी को संरक्षित करने के प्रयासों की समीक्षा होगी। पांच राउंड का यह सर्वे 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

### सिंधी साहित्य मंच में आज जुटेंगे सिंधी साहित्यकार

**हिरदाराम नगर.** साहित्य अकादमी, भारत सरकार द्वारा रविवार 27 मार्च को संतनगर (बैराग?) भोपाल में साहित्य मंच का आयोजन किया जाएगा। ईश्वरी देवी सुशीला भवन, बिहाइंड शिखर होटल, संतनगर के सभाकक्ष में शाम 5:30 बजे से आयोजित साहित्य मंच में सिंधी रचनाकार नारी लछवाणी, कन्हैयो मोटवाणी, बल्लू चोईथाणी, द्रोपदी चंदनाणी, राकेश शेवाणी द्वारा रचना पाठ किया जाएगा। साहित्य अकादमी के सिंधी भाषा संयोजक मोहन हिमथानी एवं वीना कला एवं सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश शेवानी ने बताया कि स्वागत वक्तव्य साहित्य अकादमी परामर्श मंडल के सिंधी भाषा परामर्श मंडल के सदस्य अशोक मनवानी द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम में भोपाल और संतनगर के अनेक रचनाकार उपस्थित होंगे। अकादमी के सिंधी परामर्श मंडल वर्तमान में इंदौर से रश्मि रामानी और भोपाल से अशोक मनवाणी शामिल हैं। वर्ष 2023 से 2027 की पांच वर्ष की अवधिके परामर्श मंडल के कार्यकाल में यह पांचवां कार्यक्रम मध्यप्रदेश में हो रहा है। वीना कला एवं सेवा समिति का साहित्य अकादमी के साथ दूसरा कार्यक्रम है।

## बढ़ने लगी तपिश...



भोपाल. मार्च के आखिरी सप्ताह के साथ ही गर्मी अपना रंग दिखाने लगी है। गुरुवार को फिर सीजन का सबसे गर्म दिन रहा और अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री रहा। पिछले सालों के ट्रेंड के अनुसार ही इस साल भी अप्रेल शुरू होने से पहले ही गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग की मानें तो इस साल डबल हीट वेव के साथ चुभन भरी हवाएं चलेंगी। राजधानी में बुधवार को पूरे दिन लोग गर्मी से लोग बेहाल नजर आए। हवा का रुख भी अलग-अलग रहा।

# मार्केटिंग में अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए हमेशा तैयार

**संत कॉलेज में ललित दीपक रुपानी का व्याख्यान**

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेजमें आईआईसी और ई-सेल ने इनोवेशन फॉर बिजनेस फिट के तहत ÷एआई और मार्केटिंग प्रोडक्ट अलाइनमेंट÷ पर एक सत्र का आयोजन किया, जिसमें न्यू जर्सी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, न्यूयॉर्क सिटी में एआई प्रोडक्ट मैनेजर ललित दीपक रुपानी ने वक्ता के रूप हिस्सा लिया। ललित रूपानी ने कहा कि एआई और प्रोडक्ट मार्केटिंग के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की और प्रोडक्ट-मार्केट फिट को समझने के महत्व को बताया। उन्होंने समस्याओं को हल करने की प्रमुख रणनीतियों, जैसे डबल डायमंड और डेल्टा 4 फ्रेमवर्क पर जानकारी साझा की और छात्रों को अनिश्चित परिस्थितियों में सफलता पाने हेतु सहनशीलता और दृढ़ता विकसित करने के लिए प्रेरित किया। ब्लैक स्वान थ्योरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने अप्रत्याशित चुनौतियों के लिए तैयार रहने की



आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी, शहीद हेमू कालानी सोसाइटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, संत हिरदाराम मेडिकल कॉलेज नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज़के प्राचार्य डॉ.अंकेश सिंह, संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंटके निदेशक डॉ.आशीष ठाकुर उपस्थित रहे। सत्र का समापन चर्चा के साथ हुआ, जिसमें छात्रों को एआई, उत्पाद विकास और विपणन रणनीतियों के क्षेत्र में नवीन दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। अंत में, डॉ.डालिमा पारवानीने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बोरवन पार्क में शौचालय की जरूरत : आसवानी

**बोरवन क्लब के सदस्यों ने भेजा वन विभाग को सुझाव**

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।



बोरवन पार्क को और अधिक सुविधायुक्त बनाने हेतु बोरवन क्लब प्रयासरत रहता है।। बुधवार सुबह जब पार्क वन विभाग की ओर से श्वेत पट्ट सुझावों हेतु लगाया गया था, जिसमें क्लब मेंबर विशेष आमंत्रित थे। सभी सदस्यों ने अपनेङ्कअपने सुझाव दिए। क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने मुख्य द्वार के समीप जहां पगड़ी रस्म हाल बना है उसके आसङ्कपास महिला व पुरुष शौचालय की नितांत आवश्यकता है। सड़क की खूबसूरती को बढ़ाने वाले कर्व स्टोन पूरे पार्क में लगे। क्लब के मीडिया प्रभारी रवि नारायण सतानी ने युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर ओपन जिम और महिलाओं और पुरुषों के लिए अलगङ्कअलग योगा शेड बने है। योग में उपयुक्त होने वाले आसान, योग मैट आदि का वहन न करना पड़े जिसके लिए एक संयुक्त स्टोर रूम का निर्माण हो इसे सार्थक सुझाव रखे। क्लब के समस्त अधिकारी सदस्यगणों ने दिए गए सुझावों पर जल्द अमल करने का आग्रह विभाग से किया है। जगदीश आसवानी, शेट्टी चंदनानी ,सुरेश गेहानी, पप्पू भैया, दिनेश सोनी, शिली,हरियाली भाई मौजूद रहे।

**मेट्रो एंकर**

**मुख्य सचिव को लिखा पत्र, सांसद, विधायक, कमिश्नर को भेजी प्रतिलिपि**

# झूठी शिकायत करने वालों के खिलाफ सिंधी सेंट्रल पंचायत ने खोला मोर्चा

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने झूठी शिकायतों को लेकर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि कतिपय व्यक्तियों द्वारा समाज के सभ्रांत व्यक्तियों के अलावा प्रशासकीय अधिकारियों के खिलाफ झूठी शिकायतें कर विभिन्न विभागों को गुमराह करने एवं ब्लैकमेल करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पंचायत अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि शासन द्वारा जनहित में बनाई गई नीतियां, जब स्वार्थी तत्वों के हाथों का खिलौना बन जाए, तब वे आम जनता के लिए मुसीबत का सबब बन जाती हैं। बात कर रहे हैं उन नीतियों की, जिनका दुरुपयोग कर कुछ लोग न सिर्फ अधिकारियों को परेशान कर रहे हैं, बल्कि आम जनता के जीवन को भी दूभर बना दिया है। ऐसी नीतियों में मुख्य रूप से आरटीआई, सीएम हेल्प लाइन, हड़ताल का अधिकार आदि शामिल





हैं। ऐसे में सरकारी नीतियों पर पुर्नविचार कर झूठी शिकायतें न हो इस समस्या का समाधान करने की आज सख्त जरूरत है।

**व्यक्तिगत दुश्मनी:** पंचायत पदाधिकारियों ने कहा है कि कुछ लोग अपनी व्यक्तिगत दुश्मनी निकालने या स्वार्थ साधने के लिए झूठी शिकायतों का सहारा लेते हैं। वे अधिकारियों के खिलाफ बेबुनियाद शिकायतें दर्ज कराते हैं, जिससे उनका मानसिक उत्पीड़न होता है और वे अपना काम ठीक से नहीं कर पाते। कई बार तो निर्दोष अधिकारियों को भी झूठे आरोपों में फंसा दिया जाता है, जिससे उनकी प्रतिष्ठा धूमिल होती है। झूठी शिकायतें करने वाले लोकायुक्त जैसे संगठनों को भी गुमराह कर रहे हैं जबकि झूठी शिकायतों की आड़ में सरकार के कतिपय अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार भी कर रहे हैं।

**मंशा ब्लैकमैल करना :** पंचायत ने कहा है कि यहां देखा गया है कि किसी के मकान या दुकान बनने या प्रापर्टी खरीदने में दूसरे व्यक्ति का दखल देने का क्या मतलब है। अगर अतिक्रमण किया गया है, अवैध निर्माण है, नाले का बहाव रोका गया है, रास्ता रोका गया है, तो उसमें दखल देने का अधिकार नगर निगम, व जिला प्रशासन व पुलिस का है, इसमें तीसरे पक्ष द्वारा शिकायत करने की मंशा सीधी सीधे ब्लैकमैल करना होता है। इसरानी एवं जसवानी इस तरह की झूठी शिकायतों से परेशान आम व्यक्ति एवं सरकारी अधिकारी यह सवाल पूछ रहे हैं कि इस समस्या का समाधान क्या होना चाहिए साथ ही सरकार से मांग कर रहे हैं कि शासन को इन नीतियों पर पुनर्विचार करना चाहिए।

**बयान दर्ज कराना जरूरी:** पंचायत पदाधिकारियों ने कहा है कि शिकायत दर्ज कराने से पहले, शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जाना चाहिए और शिकायत की सत्यता की जांच की जानी चाहिए। झूठी शिकायतों के जरिए अनेक शरीफ लोगों को ब्लैकमैल किया जा रहा है। संत हिरदाराम नगर (बैराग?) में तो बाकायदा झूठी शिकायतें करने वालों का एक गिरोह सक्रिय है। जिसका काम जहां मकान या दुकान बन रहा हो, जिसी ने प्रापर्टी की खरीद फरोख्त की हो, उसकी झूठी शिकायतें लोकायुक्त, नगर निगम, कलेक्टर कार्यालय, नजूल आदि में कर बाद में सौदेबाजी करते हैं।

**अपराधिक प्रकरण कायम :** पंचायत ने झूठी शिकायत दर्ज कराने वालों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण कायम कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही जांच प्रक्रिया को और अधिक कुशल और पारदर्शी बनाये जाने पर बल दिया है। जिससे वास्तविक पी?तों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके। शासन द्वारा जनहित में शिकायत दर्ज कराने की नीति एक महत्वपूर्ण उपकरण है, लेकिन इसका दुरुपयोग किसी भी स्थिति में नहीं होना चाहिए।

# पहले घोटाला, अब जांच कमेटी

## प्रदेश में हुए धान घोटाले पर सरकार ने कलेक्टर के निर्देशन में बनी जांच समिति, विभागीय मंत्री ने 7 दिन में जांच रिपोर्ट देने को कहा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** बीते साल सरकारी दाम पर की गई धान खरीदी में घोटाला हुआ, सरकार इसे रोक नहीं पाई। जब मामला खुला तो अब जांच की बात की जा रही है। दावा है कि रिपोर्ट 7 दिन में मंगवाई जाएगी और गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ एफआइआर दर्ज होगी। ऐसे मिलर को धान के नए डिलेवरी ऑर्डर नहीं देंगे। जांच के बाद जो मिलर सही पायें जाएंगे उन्हें ऑर्डर मिलेंगे, गड़बड़ी करने वालों से वसूली की जाएगी। जांच कलेक्टरों के निर्देशन में होगी।



### इन बिंदुओं पर करनी होगी जांच

खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि जो धान खरीदी वह कहां से लाई गई, जमा किसने की, कब की, मात्रा कितनी कम मिली, मिलर्स को भुगतान कब और किसके द्वारा किया गया, मिलरवार कितनी मात्रा दी गई, धान उठाव की मात्रा और मिलरवार सीएमआर जमा मात्रा की विस्तृत जांच की जाएगी। गोदामों में धान कम मात्रा में जमा होने के कारणों की जांच कराने के बाद कमी पाए जाने पर खरीदी करने वाली समिति व परिवहन कर्ता से वसूली करेंगे। इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कमी की भरपाई बाजार एवं अन्य माध्यमों से न हो। केन्द्रों से धान परिवहन के लिए नियुक्त मिलर, उनके वाहन, परिवहन की तारीख, मात्रा का विवरण पहले से पोर्टल् पर है, इन तथ्यों को जांच में शामिल करते हुए सत्यापन करेंगे। केंद्रों से उठाई गई धान परिवहन में उपयोग किए वाहन वाहनों की ट्रेकिंग एवं डाटा टोल नाकों से लेंगे, इसके अलावा जिला परिवहन अधिकारी के माध्यम से धान परिवहन में उपयोग किए वाहनों की श्रेणी, प्रकार और लोडिंग क्षमता लेंगे।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद राजपूत के निर्देश पर विभाग की एसीएस रश्मि अरुण शमी ने जांच दल में शामिल किए जाने वाले अधिकारियों की सूची जिलों को भेज दी है। यह घोटाला खरीदी वर्ष 2024-25 में हुआ था, जिसमें कई मिलर व अफसरों ने मिलकर बाहर के राज्यों से धान खरीद उसे मप्र में खपा दी थी, बदले में मोटी रकम कमाई थी।

### करोड़ों का घोटाला

अब तक प्राप्त अनियमित्ताओं की जांच के बाद 1 करोड़ 7 लाख 99 हजार शार्टेज की राशि वसूली है। 14 करोड़ 16 लाख रुपए की वसूली कार्रवाई प्रचलित है। 7 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इनमें जबलपुर 5, रीवा और मैहर जिले में 1-1 प्रकरण शामिल है। उधर ईओडब्ल्यू अपने स्तर पर कार्रवाई कर रहा है।

### जिला स्तर पर ये करेंगे जांच

जांच दल के अध्यक्ष कलेक्टर द्वारा नामांकित अपर, संयुक्त व डिप्टी कलेक्टर में से कोई एक होंगे। जिला आपूर्ति नियंत्रक या खाद्य अधिकारी संयोजक होंगे। उप या सहायक आयुक्त सहकारिता, महाप्रबंधक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक, जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश स्टेट सिविल सप्लाई कार्पोरेशन और जिला प्रबंधक मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन सदस्य होंगे।

# सीएम ने कहा-5 दिन में सर्वे पूरा करें, सीएस बोले- दोबारा समीक्षा हो




**भोपाल।** सीएम डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य 89 विकासखंडों में पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास देने से जुड़ा सर्वे 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए। जबकि मुख्य सचिव अनुराग जैन ने अधिकारियों से कहा है कि 2 लाख 7 हजार 922 आवासों की समीक्षा दोबारा कर लें। मामला 89 जनजातीय बाहुल्य विकासखंडों में पात्र हितगाहियों को प्रधानमंत्री आवास देने से जुड़ा है। सीएम ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की समीक्षा में इसके निर्देश दिए। कहा कि पक्का आवास पाने से कोई न छूटे। मुख्यमंत्री ने विकल्प भी दिया कि यदि किन्हीं कारणों से आवास पाने से कोई पात्र हितग्राही छूट जाए तो उनको मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रतानुसार सबको पक्के घर दें।

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास अधिकारियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत 2 लाख 7 हजार 922 आवासों की दोबारा समीक्षा करने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि स्वीकृत आवासों में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि 26 जनवरी तक चले जन-कल्याण पर्व के हितग्राही शामिल है या नहीं। 89 जनजातीय विखं एवं आकांक्षी जिलों के गांवों में विशेष दल भेजकर सर्वे कराया जाए।

**गाय के दूध से कुपोषण मिटाने की तैयारी:** सीएम ने कहा कि उक्त क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता से करे। जनजातीय गांवों, बसाहटों, मजरों-टोलों में जरुरतों वाले विकास कार्यों में गति लाने के लिए ठोस रणनीति बनाने पर जोर दिया। टिकाऊ खेती को ब?ावा देने के लिए कहा। गांव में मिट्टी का परीक्षण कर किसानों को बताया जाए कि उन्हें कौन सी फसल लगाना ज्यादा लाभदायक होगा। टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सेमिनार के जरिए जानकारी दें। बच्चों में कुपोषण को दूर करने के लिए सरकारी योजनाओं के जरिए दुधारू गाय खरीदने में मदद करें।

# मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम के 2.16 करोड़ रुपए की राशि की गई अंतरित

**12 हजार रु के मान से नवीन अधिवक्ताओं को मिलेगी सहायता राशि**

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण स्कीम के तहत राज्य अधिवक्ता परिषद् जबलपुर के बैंक खाते में 2 करोड़ 16 लाख रूपये अंतरित कर दिए गए है। राशि वित्त वर्ष 2024-25 के लिएअंतरित की गई है। इस स्कीम के तहत 12 हजार रूपये के मान से प्रत्येक नवीन अधिवक्ता को सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# आरजीवीपी कर्मचारियों की तीन मांगे मंजूर, आंदोलन स्थगित




**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के नेतृत्व में पिछले 27 दिन से किया जा रहा आंदोलन कुलपति एवं कुलसचिव द्वारा तीन मांगे मंजूर करने के उपरांत कार्य परिष की बैठक होने तक स्थगित कर दिया गया है। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि आरजीपीवी के स्थाईकर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 27 दिन से ध्यान आकर्षण आंदोलन कुल सचिव के कक्ष के समक्ष कर रहे थे। अब कुलपति ने चर्चा के उपरांत पांच में से तीन मांगे मान ली। जिनमें दैवेभो को स्थाईकर्मी योजना का लाभ, श्रेणी परिवर्तन एवं स्थाईकर्मी एवं दैवेभो को वर्ष में12 दिवस का सवेतनिक अवकाश की मांग मंजूर की हैं।

**मेट्रो एंकर** स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह की अध्यक्षता में हुई टॉस्क फोर्स की बैठक

# स्कूलों में दाखिले बढ़ाने माननीयों से लेंगे मदद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंत्रालय में नई शिक्षा नीति-2020 की टॉस्क फोर्स समिति आयोजित की गई। बैठक में टॉस्क फोर्स के सदस्यों ने विभिन्न विषयों से जुड़े सुझाव दिये। बैठक के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा है कि प्रदेश में स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) को सुदृढ़ करने की जरूरत है। इसके लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जाये। शिक्षकों को आधुनिक तकनीक से निरंतर अपडेट रखा जाये। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हो रहे नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बड़ाने के लिये समाज के सभी वर्गों का सहयोग लिया जाये। बैठक में स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में शैक्षणिक कार्य से लगे शिक्षकों पर प्रशासनिक कार्यों का भार कम किया जाये। शिक्षक शालाओं में उपलब्ध संसाधनों का शत-प्रतिशत उपयोग करें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों में विद्यार्थियों की नामांकन दर को बड़ाने के लिये प्राध्यापकों को जिम्मेदारी दी गयी है। वे उत्तीर्ण विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिये स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) देने के बाद उनके पुनः प्रवेश की प्रक्रिया को भी सुनिश्चित करेंगे। शिक्षा विभाग का मैदानी अमला शालावार इसकी समीक्षा करना सुनिश्चित करे। बैठक में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर पर योग की शिक्षा देने का भी सुझाव दिया गया।

### यह भी रहे उपस्थित

टॉस्क फोर्स समिति की बैठक में अध्यक्ष प्रदेश एवं शुल्क विनियामक समिति रवीन्द्र कान्हेरे, हिन्दी ग्रंथ अकादमी के निदेशक अशोक कड़ैल, आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता, सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल कृष्णदेव त्रिपाठी, पूर्व आयुक्त लोक शिक्षण जयश्री कियावत, पूर्व अपर संचालक लोक शिक्षण धीरेन्द्र चतुर्वेदी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन

बैठक में बताया गया कि 4473 पूर्व प्राथमिक शालाओं में करीब एक लाख बच्चे दर्ज हैं। इन शालाओं के शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है। इसी के साथ पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में दर्ज बच्चों को पीएम पोषण उपलब्ध कराने के लिये शिक्षा पोर्टल पर प्रावधान किया गया है। करीब 40 हजार आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गयी है। मिशन अंकुर के अंतर्गत प्राथमिक कक्षाओं में लर्निंग किट और जादूई पिटारा उपलब्ध कराया गया है। कक्षा-1 और 2 के बच्चों और अभिभावकों को बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लिये एफएलएन मेला आयोजित किया गया है। इस मेले के माध्यम से छोटे बच्चों के अभिभावकों को बच्चे की क्षमता के बारे में कार्ड दिये जाने की व्यवस्था है। फ्लोर गेम के अंतर्गत बच्चों को पड़ाई में रुचि जागृत करने के लिये खेल आधारित शिक्षा की व्यवस्था की गयी है।

### ड्रॉप आउट कम करना और शिक्षा की सार्वभौमिक पहुंच

विद्यार्थियों के लिये ऑनलाइन ट्रेकिंग की व्यवस्था की गयी है। इस वर्ष छात्रवृत्ति, गणवेश, साइकिल की व्यवस्था शैक्षिक सत्र के साथ हो, इसके लिए विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. संजय गोयल ने बताया कि प्रदेश में इस शैक्षणिक सत्र में बच्चों को नि:शुल्क पाठ्य-पुस्तकें अप्रैल माह में ही उपलब्ध करा दी जायेंगी।

# केंद्रीय संस्कृत विवि का भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड शुरू



**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा भारत में पहली बार भारतीय ज्ञान परंपरा ओलंपियाड?का आयोजन कर रहा है। यह ओलंपियाड भारतीय संस्कृति, परंपरा, दर्शन और अध्यात्म को छात्रों, युवाओं और आमजन के बीच लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने इस ओलंपियाड का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने और इसे आधुनिक शिक्षा प्रणाली में प्रासंगिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। यह प्रतियोगिता न केवल छात्रों के बौद्धिक विकास को बढ़ावा देगी, बल्कि उन्हें अपनी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का कार्य भी करेगी। ओलंपियाड के अध्यक्ष प्रो. मदनमोहन झा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के तहत वेद, उपनिषद, रामायण, गीता, महाभारत, ऋषि परंपरा, भारतीय दर्शन-चिंतन,योग,आयुर्वेद, ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, भारतीय गणित,अध्यात्म और आधुनिक विज्ञान जैसे विषयों को समाहित करते हुए एक व्यापक पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। प्रतियोगिता में वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ-साथ व्याख्यात्मक उत्तरों को भी शामिल किया जाएगा।

**पंजीकरण प्रक्रिया 1 अप्रैल से होगी शुरू, आधिकारिक वेबसाइट पर होंगे पंजीयन**

इस ओलंपियाड में देशभर के विद्यालयों, गुरुकुलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के छात्र भाग ले सकते हैं। पंजीकरण प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हो रही है। इच्छुक प्रतिभागी ओलंपियाड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से या अपने शिक्षण संस्थानों के माध्यम से भी पंजीकरण कर सकते हैं। ओलंपियाड में सफल प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणपत्र, पदक और नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा, विजेता छात्रों को भारतीय दर्शन और संस्कृति से जुड़े विशेष शैक्षिक कार्यक्रमों और कार्यशालाओं में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा।

# मैनिट: शिखर सम्मेलन में शहरी अनुकूलनीयता व सड़क सुरक्षा पर चर्चा

**भोपाल।** राजधानी स्थित मैनिट के वास्तुकला और नियोजन विभाग ने ईपीसीओ ऑडिटोरियम, भोपाल में अनुकूलनीय शहरीकरण और सुरक्षित गतिशीलता पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, द्वितीय विड़न जीरो शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया, नई दिल्ली और शहरी विकास एवं आवास विभाग, मप्र सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें शहरी लचीलेपन और गतिशीलता सुरक्षा पर चर्चा और विचार-विमर्श करने के लिए प्रख्यात पेशेवर, नीति निर्माता और शिक्षाविद एक साथ आए हैं। उद्घाटन समारोह में बोलते हुए मप्र सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय कुमार शुक्ला ने सतत शहरी विकास के लिए सामाजिक चिंताओं के महत्व पर बल दिया। उन्होंने सतत विकास के लिए सस्ती और विश्वसनीय परिवहन प्रणाली पर जोर दिया। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई), नई दिल्ली के निदेशक डॉ. मनोरंजन परिदा ने बच्चों और स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण के लिए स्कूल क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला।



## संपादकीय

# जरूरी है मौसम की चिंता करना

देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा बुलेटिन में प्रकाशित एक अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट के निहितार्थ यही है कि भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसूनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। ऐसे में वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बोआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा। लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खास तौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बोआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है। कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। हालांकि अभी भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं वहीं विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। बावजूद जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं है। भारत में पिछले साल तो 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें प्रभावित हुईं। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी। पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की ढाई सौ घटना सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। यानि बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। आगामी लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन की भी जोरदार तैयारी जरूरी है।

# संघ के कर्नाटक-मंथन में नए संकल्प-नई दिशाएं

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की तीन दिवसीय बैठक अपने स्थापना के शताब्दी वर्ष प्रवेश के पावन एवं ऐतिहासिक अवसर पर बेंगलुरु में सफलतापूर्वक एवं ऊर्जामय माहौल में संपन्न हुई, जिसमें औरंगजेब विवाद, तीन-भाषा फॉर्मूला, परिसीमन और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर चर्चा ने एक अपूर्व वातावरण का निर्माण किया। जिसमें दुनिया में शांति और समृद्धि लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण का आह्वान किया गया।**



■ ललित गर्ग

राइसमें संघ प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया। आरएसएस की स्थापना विशेष रूप से भारतीय हिन्दू समाज में राष्ट्रीयत्व भाव जागृत करने, हिन्दुओं को संगठित करने एवं हिन्दू समाज के बीच समरसता स्थापित करने के उद्देश्य से हुई और इन सौ वर्षो में न केवल इन लक्ष्यों को हासिल किया गया है बल्कि अनेक रचनात्मक एवं सृजनात्मक गतिविधियों एवं योजनाओं के साथ अपनी एक स्वतंत्र एवं अलग छवि का निर्माण किया है। इस वर्ष की वार्षिक बैठक न केवल विशेष बल्कि नवीन संकल्पों की वाहक बनी है, क्योंकि बैठक ने सकारात्मक क्रांतिकारी विचारों से न केवल राष्ट्र में सक्रिय नकारात्मक एवं अराष्ट्रीय ताकतों को सख्त संदेश दिया गया बल्कि पडौसी बांग्लादेश-पाकिस्तान-चीन आदि देशों की कुचेष्टाओं के लिये ललकारा भी गया एवं सावधान भी किया गया है। अठहत्तर वर्ष की देहरी पर खड़े होकर राष्ट्र के अतीत को देखा-परखा जाए तो ऐसा लगता है कि अब राष्ट्र का कायाकल्प हो रहा है। मूलभूत आस्थाओं एवं राष्ट्रीयता के दृड़ीकरण के साथ देश में जो नई चेतना आई है, वह संघ जैसे शक्तिशाली संगठन का जीवंत साक्ष्य है। राष्ट्रीयता, स्व-पहचान, स्वदेशी-भावना, हिन्दू-संस्कृति के ऊर्जा के अक्षय स्त्रोतों की खोज में जो प्रयत्न किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। जन-आकांक्षा के अनुरूप राष्ट्र को जिस युगीन परिवेश में प्रस्तुति दी जा रही है, वह असाधारण है। इन सब परिवर्तनों-परिवर्धनों एवं राष्ट्र को सशक्त करने के बावजूद संघ की सादगी का सौन्दर्य निराला है और कर्नाटक बैठक इसी सादगी के सौन्दर्य के अनूठेपन को लिये हुई थी।

दुनिया के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में सभी स्वयंसेवकों से आग्रह किया कि वे पूरे समाज को सज्जन शक्ति के नेतृत्व में एकजुट कर, दुनिया के सामने एक संगठित और सामंजस्यपूर्ण भारत का आदर्श प्रस्तुत करें। इसमें बैठक में मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान एवं सक्षमता है। आरएसएस ने यह भी कहा कि उनका उद्देश्य पूरी मानवता को विभाजन और विनाश की प्रवृत्तियों से बचाना है और सभी जीवों के बीच शांति और एकता की भावना को बड़ावा देना है। इसके अलावा, आरएसएस ने हिंदू समाज को अपने वैश्विक उत्तरदायित्व को पूरा करने के लिए संगठित और सामूहिक जीवन की आवश्यकता पर बल दिया है, जो 'धर्म' पर आधारित आत्मविश्वास से भरा हो। साथ ही बैठक में पारित प्रस्तावों में यह भी कहा गया कि सभी प्रकार के भेदभावों को खारिज कर, एकजुट आचरण और पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाते हुए हमें एक आदर्श समाज का निर्माण करना चाहिए। यह समाज भौतिक समृद्धि के साथ-साथ आध्यात्मिकता से भी परिपूर्ण होगा, जो समाज की समस्याओं का समाधान करेगा और चुनौतियों को कम करेगा। इस वर्ष की बैठक का हर बोल अनमोल है, हर चरण एक मंजिल है, हर संकल्प नये भारत-सशक्त भारत की दिशा है और हर क्रिया एक सन्देश है। संघ का जीवन और दर्शन, विचार और सोच अन्तरमन को कुरेदने वाली ऐसी प्रेरणा है जो जागृत अवस्था में सोने वाले लोगों का झकझोर देती है।

इस बैठक की खास बात यह रही है कि इसमें संघ की तरफ से भाजपा के बारे में सीधे सवालों से दूरी बनाए रखी गयी। हालांकि, परिसीमन के मुद्दे पर दक्षिण के राज्यों में सीटें कम नहीं होने को लेकर भाजपा को संदेश भी दे दिया। परिसीमन को लेकर संघ ने साफ कहा कि दक्षिणी राज्यों का लोकसभा में अनुपात वही रहेगा। इसके साथ ही संघ ने तीन-भाषा फार्मूले पर संतुलित रुख बनाए रखा गया। ऐसे समय में जब भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और तमिलनाडु सरकार त्रिभाषा फार्मूले को लेकर असमंजस में हैं, आरएसएस ने इस विवाद को दरकिनार करते हुए मातृभाषा, व्यक्ति के निवास स्थान की क्षेत्रीय भाषा तथा करियर की भाषा, जो अंग्रेजी या कोई अन्य भाषा हो सकती है, के उपयोग की वकालत की है। संघ ने महाराष्ट्र में मुगल बादशाह औरंगजेब को लेकर चल रहे विवाद को लेकर मुगल शासक की तीव्र एवं तीखी आलोचना की। खास बात यह देखने को मिली कि संघ की तरफ से औरंगजेब की आलोचना के साथ ही उसके भाई दारा शिकोह का जश्न भी मनाया, क्योंकि दारा शिकोह सामाजिक सद्भाव में विश्वास करने वाला व्यक्ति था। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि भारत के मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों को आदर्श बनाया गया था। औरंगजेब 'भारत के लोकाचार' के खिलाफ था और अगर वैसी ही 'आक्रमणकारी मानसिकता' अभी भी मौजूद है तो यह देश के लिए खतरा है। जो इस भूमि की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने की कुचेष्ठा भी है। निश्चित ही इस तरह कोई विकृत संस्करण या नैरेटिव प्रस्तुत करना चाहता है, तो उसका मुकाबला किया ही जाना चाहिए।

कर्नाटक बैठक की टंकार में संघ ने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। 'बांग्लादेश के हिन्दू समाज के साथ एकजुटता से खड़े होने का आह्वान' शीर्षक वाले एक प्रस्ताव में अंतरराष्ट्रीय ताकतों और 'अमेरिका में डीप स्टेट' के प्रयासों का उल्लेख किया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं की जिम्मेदारी भारत की है और 'हम इस कर्तव्य से बच नहीं सकते।' निश्चित ही धार्मिक संस्थानों पर व्यवस्थित हमलों, क्रूर हत्याओं, जबरन धर्मांतरण और हिन्दुओं की संपत्तियों को नष्ट करने के चक्र ने बांग्लादेश में हिन्दू समुदाय के लिए अस्तित्व का संकट पैदा कर दिया है। इसलिये संघ द्वारा धार्मिक असहिष्णुता और मानवाधिकारों के उल्लंघन के इन कृत्यों की कड़ी निंदा की गई है और वैश्विक समुदाय से निर्णायक कार्रवाई करने का आग्रह किया गया है। इस बैठक ने हिन्दुओं को आश्वस्त किया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के भविष्य में कोई मुश्किल स्थिति आती है, तो हम पीछे नहीं हट सकते। अगर ऐसी स्थिति आती है, तो हम उसका समाधान करेंगे। भाजपा के नये अध्यक्ष के चयन को लेकर भी संघ ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नए अध्यक्ष के चयन को लेकर उसका पार्टी के साथ कोई मतभेद नहीं है। संघ ने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह से भाजपा पर निर्भर है। भाजपा की प्रक्रिया चल रही है, सदस्यता पूरी हो चुकी है और विभिन्न स्तरों पर समितियों का गठन हो चुका है। आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले चर्चा चल थी कि भाजपा और आरएसएस किसी उपयुक्त उम्मीदवार पर सहमत नहीं हो पाए हैं, जिससे दोनों संगठनों के बीच टकराव की अटकलें लगाई जा रही हैं।

कर्नाटक बैठक से एक बार फिर पुरजोर तरीके से उजागर हुआ कि संघ हिन्दू सनातन संस्कृति को भारत के जन-जन के मानस में प्रवाहित करने का सफल एवं सार्थक कार्य करने को प्रतिबद्ध है। ताकि प्रत्येक भारतीय के मन में राष्ट्रीयता की भावना जागृत हो एवं उनके लिये भारत प्रथम प्राथमिकता बन सके। यह कार्य संघ अपने स्वयंसेवकों द्वारा समाज के बीच जाकर करने का प्रयास करता है और यह कार्य आज पूरे विश्व में शांति एवं समरसतापूर्ण जीवन स्थापित करने के लिये एक जरूरी आवश्यकता है। पिछले आठ दशकों में लगातार हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालों को भी संघ ने समय-समय पर आड़े हाथ लिया है। दरअसल हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। कर्नाटक बैठक हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान बनी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# मातृ मृत्यु दर कम करने की जंग-कहां तक पहुंचा भारत?

■ जयसिंह रावत

पिछले दो दशकों में, भारत ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं, संस्थागत प्रसव में वृद्धि, और व्यापक सामाजिक सुधारों के कारण मातृ मृत्यु दर में गिरावट आई है। इसके बावजूद, देश के विभिन्न क्षेत्रों में मातृ मृत्यु दर में असमानता बनी हुई है और भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय लक्ष्यों को प्राप्त करने से कुछ दूरी पर है।महिलाओं में मृत्यु के प्रमुख कारणों में मातृ मृत्यु दर एक महत्वपूर्ण कारण बनी हुई है। 2020 में, 15-29 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं की कुल मृत्यु में से लगभग 7त्न मौतें मातृ मृत्यु से जुड़ी थीं।मातृ मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान या गर्भावस्था समाप्त होने के 42 दिनों के भीतर महिला की मृत्यु। भारत में मातृ मृत्यु का अनुमान नमूना पंजीकरण प्रणाली (एस आर एस) से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर लगाया जाता है। 2018-2020 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 97 महिलाओं की मृत्यु हुई, जो लगभग 24,000 वार्षिक मौतों के बराबर है। भारत में विभिन्न राज्यों में मातृ मृत्यु दर में बड़ा अंतर है। केरल में सबसे कम एमएमआर 19 प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर दर्ज किया गया, जो अमेरिका (21) से भी बेहतर है। वहीं, असम, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में एमएमआर सबसे अधिक दर्ज किया गया। ये राज्य स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित पहुंच और बुनियादी ढांचे की समस्याओं से जूझ रहे हैं। सार्वजनिक रूप से उपलब्ध एसआरएस डेटा मातृ मृत्यु के कारणों पर जानकारी प्रदान नहीं करता है। हालांकि, 2007 से 2014 के बीच किए गए ÷मिलियन डेथ स्टडी ÷ में ÷वर्बल ऑटोप्सी÷ पद्धति का उपयोग करके मृत्यु के कारणों को समझने का प्रयास किया गया। 2021 के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में मातृ मृत्यु का प्रमुख कारण ऑब्स्टेट्रिक हैमरेज (गर्भावस्था, प्रसव या प्रसव के तुरंत बाद अत्यधिक रक्तस्राव) है।

यह समस्या पूरे देश में महिलाओं को प्रभावित करती है, लेकिन बिहार, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे गरीब राज्यों में विशेष रूप से गंभीर है। 2007 से 2014 के बीच इन क्षेत्रों में आधे से अधिक मातृ मृत्यु हैमरेज के कारण हुईं, क्योंकि देरी से निदान और अपर्याप्त उपचार अक्सर घातक साबित हुआ। वहीं, केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे समृद्ध राज्यों में गर्भावस्था से जुड़ी उच्च रक्तचाप की



बीमारियां (प्री-एक्लेम्पसिया और एक्लेम्पसिया) एक गंभीर खतरे के रूप में उभरी हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने में उल्लेखनीय प्रगति की है। 2014-16 में प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर 130 मातृ मृत्यु दर्ज की गई थी, जो 2018-20 में घटकर 97 रह गई। कुछ राज्यों ने सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के तहत 70 से कम एमएमआर प्राप्त कर लिया है, जिनमें केरल, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, झारखंड, गुजरात और कर्नाटक शामिल हैं। हालांकि, अन्य राज्यों में अब भी उच्च मातृ मृत्यु दर बनी हुई है, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे राज्यों में।

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 (2019-21) के अनुसार, प्रसवपूर्व देखभाल में सुधार हुआ है। पहली तिमाही में प्रसवपूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली महिलाओं का अनुपात 59त्न (2015-16) से बढ़कर 70त्न हो गया है। चार या अधिक प्रसवपूर्व देखभाल प्राप्त करने वाली महिलाओं की संख्या भी 51त्न से बढ़कर 59त्न हो गई है। राष्ट्रीय स्तर पर संस्थागत प्रसव दर 79त्न से बढ़कर 89त्न हो गई है। हालांकि, ग्रामीण क्षेत्रों में अब भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं, जहां लगभग 87त्न प्रसव संस्थागत होते हैं, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह दर 94त्न है।

भारत में मातृ मृत्यु की प्रमुख वजहों में रक्तस्राव, संक्रमण, उच्च रक्तचाप से जुड़ी जटिलताएं और असुरक्षित गर्भपात शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, कुपोषण, कम उम्र में गर्भधारण, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और आर्थिक व सामाजिक असमानताएं भी मातृ मृत्यु दर को बढ़ाने में योगदान देती हैं। खासकर पिछड़े और आदिवासी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सरकार ने मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। इनमें प्रमुख रूप से जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई), प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके), सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) और प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) शामिल हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना, गर्भवती महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना और प्रसव के दौरान मुफ्त चिकित्सा सेवाएं सुनिश्चित करना है। हालांकि, इन योजनाओं के बावजूद कई चुनौतियां बनी हुई हैं। ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में प्रसवपूर्व देखभाल की सेवाएं सीमित हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में प्रशिक्षित डॉक्टरों और नर्सों की कमी है, जिससे गर्भवती महिलाओं को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। इसके अलावा, कई महिलाएं जागरूकता और सामाजिक दबाव के कारण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं ले पातीं। मातृ मृत्यु दर को और कम करने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ और प्रभावी बनाना आवश्यक है। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका को मजबूत करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का बुनियादी ढांचा सुधारना और दूर-दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना जरूरी है। इसके अलावा, किशोरियों और महिलाओं में स्वास्थ्य शिक्षा और पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है ताकि वे गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियां बरत सकें।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, यदि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखती है और सामाजिक जागरूकता में सुधार किया जाता है, तो 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के तहत 70 से कम एमएमआर प्राप्त किया जा सकता है। हालांकि, इसके लिए केवल सरकारी योजनाओं पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। समुदाय, गैर-सरकारी संगठनों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों को मिलकर एक ठोस कार्य योजना तैयार करनी होगी ताकि हर गर्भवती महिला को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें और किसी भी महिला की जान सिर्फ इसलिए न जाए क्योंकि उसे समय पर उचित चिकित्सा सहायता नहीं मिली।

**(साभार)**

**ईर्ष्या में तम ही तम नहीं होता, कुछ सत् भी होता है।**
**- प्रेमचन्द**

## आज का इतिहास

- 1910: फ्रेंच इन्वेंटर हेनरी फाबरे ने दुनिया का पहला सी-प्लेन कैनार्ड बनाया, जिसने 457 मीटर लंबी उड़ान भरी थी।
- 1930: तुर्की में यूरोपीय मॉडल को अपनाते हुए आधुनिकीकरण की हवा चली। उद्योगों के विकास के बीच राजधानी अंगोरा को अंकारा और प्रमुख शहर कॉन्सटैंटिनोपल को इस्तांबुल नाम दिया गया।
- 1939: जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने पोलैंड के साथ एक-दूसरे पर आक्रमण नहीं करने संबंधी पांच साल पुराने समझौते को तोड़ा।
- 1959: चीन ने तिब्बत की सरकार भंग की और पांचेन लामा को पदासीन किया।
- 1965: मार्टिन लूथर किंग ने अश्वेत अमेरिकियों के लिए समान अधिकारों की मांग करते हुए और उनकी समस्याओं पर सरकार का ध्यान आकर्षित करने अलाबामा की राजधानी मांटगुमरी में मार्च निकाला।
- 1979: अमेरिका के पेन्नसिलवेनिया के थ्री माइल आइलैंड परमाणु संयंत्र से रेडियोधर्मी विकिरण हुआ। समय रहते उचित कदम उठाने से बड़ा हादसा टला।
- 1998: अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने संसद में 261 के मुकाबले 274 वोट से विश्वास मत मिले।

## निशाना

### काण्ड भी तमाम !



-कृष्णेन्द्र राय

जैसी करनी वैसी भरनी ।
खाए खूब मलाई ।।
पर आए थे करने ।
जनता की भलाई ।।
तय मिलना परिणाम ।
पेश किया जो काम ।।
सत्य है पर लेकिन ।
काण्ड भी तमाम ।।
एक एक कर चीजें ।
बाहर आने वाली ।।
हो रहा कुछ सूखा ।
थी पहले हरियाली ।।
होना था प्रहार ये ।
आज नहीं तो कल ।।
फंस गई है गाड़ी ।
लगता मुश्किल हल ।।

## शिव विवाह आत्मा और परमात्मा का मिलन है : पंडित सौरभ दुबे

**नर्मदापुरम।** रायपुर ग्राम में चल रही नो दिवसीय शिव महापुराण कथा में व्यास पीठ से कथावाचक पंडित सौरभ दुबे बिछुआ वालों ने कथा को विस्तार देते हुए भगवान शिव पार्वती के विवाह का श्रवण करते हुए कहा शिव विवाह आत्मा और परमात्मा का मिलन है शिव जी ने विवाह करके वैराग्यऔर गिरस्त आश्रम में रहकर धर्म का पालन करने की शिक्षा दी भगवान शंकर वैराग्य धारण करते हैं फिर भी जगत कल्याण के लिए गृहस्थ में रहकर भी धर्म का पालन उन्होंने किया उल्लेखनीय है पुण्य सलिला पतित पावनी मां नर्मदा एवं भूत भवन देवआदिदेव महादेव की माहिती अनुकंपा से स्वर्गीय घनश्याम प्रसाद मालवी की पूर्णिय स्मृति में शिव महापुराण कथा एवं श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है. इस अवसर पर सर्व धर्म सद्भावना समिति के संरक्षक बशारत खान सर्व ब्राह्मण समाज के संभागीय अध्यक्ष पंडित अंकित दुबे समाज सेवी संतोष सिंह चंदेल सुशील दुबे कथा स्थल पर पहुंचकर कथा का श्रवण किया एवं कथावाचक पंडित सौरभ दुबे का सम्मान किया.



## धूमधाम से मनाई गई मां कर्मा जयंती

**नर्मदपुरम.** नगर साहू समाज  द्वारा मां कर्मा जयंती महोत्सव हर्ष उल्लास से मनाया गया. समाज की आराध्य देवी, श्रीकृष्ण भक्त शिरोमणि मां कर्मा की 1009 सी जयंती महोत्सव। दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन महिला अध्यक्ष राधा सेठ कमलेश साहू शशि साहू उर्मिला साहू और संगठन सदस्यों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । द्वितीय दिवस के मुख्य आयोजन में सर्वप्रथम शोभायात्रा धर्मशाला परिसर दशहरा मैदान से प्रारंभ हुई । जिसमें समाज के वरिष्ठ जन महिलाएं और युवा सभी सम्मिलित हुए शोभा यात्रा का व्यापारी संघ द्वारा रवि साहू हलवाई चौक पर भाग्यश्री लॉज द्वारा इंद्रा चौक, रघुवीर साहू पप्पू द्वारा सातरस्ता, गोकुल प्रसाद साहू द्वारा अमर चौक और गोलू साहू द्वारा जयस्तम चौक पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया ।



## पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम शुरु

**नर्मदापुरम.** भारत सरकार द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों में प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन एवं तीन से 6 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा को मजबूत हेतु पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का शुभारंभ महिला एवं बाल विकास केसला की ओर से किया गया. परियोजना अधिकारी योगेश कुमार घागरे द्वारा बताया गया कि पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम सक्षम आंगनबाड़ी एवं मिशन पोषण 2.0 के तहत एक कार्यक्रम है इसके अंतर्गत क्षमता संवर्धन के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में श्वष्टष्टश्व पाठ्यक्रम और शैक्षणिक दृष्टिकोण की बुनियादी समझ विकसित करने के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विकास आयामी शारीरिक मानसिक संज्ञानात्मक सामाजिक भावनात्मक नैतिक संस्कृत कलात्मक और बुनियादी साक्षरता के मूल्यांकन में क्षमता वृद्धि कर सक्षम बनाना है भारत सरकार मंत्रालय द्वारा उसे 6 वर्ष के बच्चों को ईसीसी हेतु नेशनल आधारशिला एवं 0 से 3 वर्ष के बच्चों के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था उद्दीपन के लिए नेशनल फॉर्मवर्क तैयार किए गए हैं पोषण भी पढ़ाई भी के अंतर्गत आधारशिला एवं नव चेतना को आंगनबाड़ी केदो में क्रियान्वित करने के संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



## डामरीकरण से आवागमन होगा सुगम



**गंजबासौदा।** सिरोंज चौराहे से सावरकर चौक तक डामरीकरण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को क्षेत्रीय विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं नपाध्यक्ष शशि यादव द्वारा किया गया। इसी के साथ ही 3-4 दिन में यह काम पूरा हो जाएगा और आवागमन पहले की अपेक्षा और अधिक सुलभ और सुगम हो जाएगा। एक महीने पूर्व सिरोंज चौराहे पर कार्यक्रम के दौरान उक्त डामरीकरण कराए जाने की मांग नागरिकों द्वारा विधायक एवं नपा अध्यक्ष से की गई थी। नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने बताया कि जल्द ही लोहा मिल रोड से मां कर्मा देवी चौराहे तक भी डामरीकरण कराए जाने की स्वीकृति विधायक एवं नपा अध्यक्ष द्वारा दे दी गई है। यह काम भी प्राथमिकता के साथ कराया जाएगा। इसके अलावा बेहलोट रोड पुलिया पर डामरीकरण एवं वार्ड नंबर 12 में कक्का वाली गली से मिल रोड तक भी डामरीकरण कराए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। कार्यक्रम के दौरान नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, भाजपा के पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, संजय भावसार, पार्षद नारायण सोनी, नीलू चौबे, जगदीश व्यास, नारायण सोनी के अलावा बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद रहे।

## पर्यावरण बचाने पोस्टर स्पर्धा संपन्न

**तेंदूखेड़ा।** अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में दिनांक 25 3.2025 को पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के प्रयोजन से गठित ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता विषय - सिंगल यूज प्लास्टिक एवं लघु परियोजना विषय - phytoremediation एंड bioremediation का आयोजन किया गया । आयोजन संस्था प्राचार्य शंकर सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में इको क्लब प्रभारी डॉ मनीषा कुमारिया के द्वारा आयोजन किया गया। इको क्लब के सदस्य श्री मेघ सिंह वर्मा, श्रीमति रिचा लोधी उपस्थित रहे, सुरेश dodve, डॉ संध्या स्थापक, डॉ रश्मि मिश्रा, डॉ नन्द किशोर nikosey ने सहयोग किया। कार्यक्रम के निर्णायक समित सहायक प्राध्यापक डॉ अरूणेन्द्र पटेल एवं डॉ संध्या स्थापक रही , महाविद्यालय से 50 विद्यार्थीयो ने अपनी सहभागिता दी।



## आंगनबाड़ी में विधिक साक्षरता शिविर

**तेंदूखेड़ा।** आनन्द कुमार तिवारी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष  जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के निर्देशानुसार तथा  व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला दमोह ज्ञानेंद्र शुक्ला के मार्गदर्शन में, न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति तेंदूखेड़ा पूजित कमल के संबोधन में आंगनबाड़ी केंद्र बमोरी पांजी मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से श्री  नंदराम अहिरवार महिला पर्यवेक्षक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा वार्ड की विभिन्न महिला उपस्थित रहे  कार्यक्रम के दौरान न्यायाधीश ने कहा महिला सशक्तिकरण का मतलब महिला की सक्ति से होता है! आज के समय में हर देश यही चाहता है की उसके देश की महिला खुद अपनी रक्षा कर सके! आज हम सब जानते है कि  हमारे समाज की महिलाये किसी भी कार्य में पुरुष से कम नहीं है!  आज की महिलाये वह सब काम कर रहे है जो पुरुष करते है! अगर बात शिक्षा की करे तो हमारे भारत में हर एक एक्जाम और प्रतियोगिता में महिलाये ही आगे रहती है! हमारे देश में नारी का  महत्त्व प्राचीन काल से है! प्राचीन काल में हमारे समाज में नारी का देवी की उपाधि  दी जाती थी  परन्तु आज भी बहुत से ऐसे लोग है जो नारी को एक बोझ समझते है! अगर हम नारी को एक बोझ ना समझते तो हमारे समाज की नारिया ऐसा काम कर सकती है! जिसकी हम कल्पना नहीं कर सकते है!



### कमिश्नर ने संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

# समस्त एंट्री प्वाइंटों पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित करें, नो एंट्री के बोर्ड लगाएं

- सड़क दुर्घटना का कारण बनने वाले ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएं
- दुर्घटनाओं को रोकने हेतु ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाएं



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने नर्मदापुरम संभाग के अंतर्गत आने वाले बैतूल हरदा एवं नर्मदापुरम जिले के समस्त एंट्री प्वाइंटों पर प्रतिबंधात्मक भारी वाहनों के शहर के अंदर से एवं बीच से ना निकलने हेतु नो एंट्री के बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी ने संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उक्त निर्देश देते हुए कहां की संभाग की विभिन्न तहसीलों में विभिन्न मार्गों पर बस स्टाप को विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, वर्तमान में बसे कहीं भी अनियंत्रित होकर रुक रही है जिससे यात्रियों को अनावश्यक रुप से परेशान होना पड़ रहा है। बसे बस स्टाप ना छोड़कर यात्रियों को कहीं भी उतार दे रही हैं इन सब को दृष्टिगत रखते हुए हैं बसो के निर्धारित बस स्टाप को प्राथमिकता से चिन्हित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि ऐसे चिन्हित बस स्टाप में यात्रियों के बैठने एवं छाया के लिए टीन सेड का निर्माण भी अनिवार्य रूप से किया जाए। टीन सेड का निर्माण विधायक निधि एवं पंचायत निधि से कराना सुनिश्चित किया जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने वर्तमान में कृषि उपज मंडियों में भारी मात्रा में ट्रैक्टर ट्रालियों के आवागमन पर एवं ट्रैक्टर ट्रालियों के रात में भी चलने से होने वाली दुर्घटना को रोकने के लिए सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वह अपने-अपने जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों पर रेडियम एवं रिफ्लेक्टर अनिवार्य रूप से लगाना सुनिश्चित करें।

कमिश्नर ने कहा कि बस परमिट में लिखा होता है नर्मदापुरम हरदा बैतूल में रुकेगी लेकिन किन जगहों पर रुकेगी यह स्पष्ट नहीं होता है। उन्होंने निर्देश दिए की बस परमिट में यह स्पष्ट होना चाहिए की बसें किन स्थानों पर रूकेगी। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारियों को बसों के स्टॉपेज की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक  मिथिलेश कुमार शुक्ला ने कहा कि सभी बस स्टैंड पर बस के आने जाने की टाइमिंग अनिवार्य रूप से लिखवाई जाए। कमिश्नर श्री तिवारी ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित करने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि दोपहिया चौपाहियां एवं बस तथा भारी वाहनों से नर्मदापुरम में गत वर्ष 874 सड़क दुर्घटना में 196 लोगों की मृत्यु हुई थी, वहीं बैतूल में 925 सड़क दुर्घटनाओं में 352 तथा हरदा में 316 सड़क दुर्घटनाओं में 109 लोगो की मृत्यु हुई है। आवारा पशुओं को सड़क मार्ग में बैठने से रोकने हेतु उन्हें गौशालाओं में भिजवाने का कार्य भी किया गया है। साथ ही राज्य मार्ग पर अतिक्रमण एवं उगी हुई झाड़ियां भी हटाए गए हैं। नियमित रूप से स्कूली बसों एवं यात्री बसों की चेकिंग करके अनफिट बसो से जुर्माना भी वसूला जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि स्ट्रिप स्पीड ब्रेकर रोड मार्किंग एवं साइन बोर्ड लगाने का कार्य मीनाक्षी चौक से डबल फाटक तक, नर्मदा महाविद्यालय से सर्किट हाउस रोड तक, जिला अस्पताल से कलेक्टर कार्यालय तक, कलेक्टर कार्यालय से एसपी बंगला मार्ग तक, खेडला से हासलपुर, होशंगाबाद बाईपास, शोभापुर खेरी तरौन कला मार्ग, सोनखेड़ी हिरण खेड़ा, सीमलवाडा मार्ग, मिसरोद से रोझड़ा मार्ग, खरार चंदवाड धमासा चौतलाय मार्ग, बघवाड़ा कोटला खेड़ी मार्ग, पचमढ़ी महादेव मार्ग रोड, स्टेशन सर्कुलर रोड, पचमढ़ी धूपगढ़ मार्ग, इटारसी डोलरिया से टिंगारिया मार्ग, धर्म कुंडी हथनापुर सलकनपुर मार्ग, लोखर तलाई से बेकना मार्ग, नयागांव धुरगाडा धाबा खुद मार्ग, तिलक सिंदूर पहुंच मार्ग सहित अन्य स्थानों पर की गई है।

### बसों की पुनः चेकिंग करने के दिए निर्देश

कमिश्नर ने निर्देश दिए की संभाग के सभी जिलों में ब्लैक स्पॉट विशेष रूप से चिन्हित किया जाए, उन ब्लैक स्पॉट को प्राथमिकता से ठीक भी किया जाए ताकि संभावित सड़क दुर्घटना को रोका जा सके। कमिश्नर ने सभी स्कूली बसों एवं अन्य यात्री बसों की एक बार पुनः चेकिंग करने के निर्देश दिए और कहां की चेकिंग के दौरान बस का परमिट, ड्राइवर के लाइसेंस एवं बसों में उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण अनिवार्य रूप से कर लिया जाए।

### कलेक्ट्रेट में जीर्ण शीर्ण सेवा पुस्तिकाओं की रिपेयरिंग होगी

कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट की स्थापना शाखा, वित शाखा एवं नाजरात शाखा के अभिलेखों का परीक्षण किया और जहां-जहां कमियां पाए गई वहां वहां आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने कई कर्मचारियों की जीर्ण शीर्ण हो चुकी सेवा पुस्तिकाओं की रिपेयरिंग करने के निर्देश दिए और कहां की सभी सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर एवं कर्मचारियों के नॉमिनी का स्पष्ट उल्लेख होना चाहिए। कमिश्नर ने सभी शाखाओं के प्रभारी कर्मचारियों को निर्देश दिए की अब ई ऑफिस सिस्टम से सभी कार्य किए जाने हैं इसलिए ई ऑफिस सिस्टम के माध्यम से ही सभी फाइलें लिए जाएं हार्ड कॉपी या अन्य दस्तावेज ना लिए जाएं। उन्होंने सभी शाखा प्रभारी को निर्देश दिए कि वह अपनी अपनी शाखाओं के रिकॉर्ड अपडेट रखें। कमिश्नर ने निर्देश दिए की शिक्षा विभाग की तर्ज पर राजस्व विभाग भी अपने सभी कर्मचारियों की ई सेवा पुस्तिका बनाएं साथ ही उन्होंने निर्देश दिए की सभी कर्मचारियों की डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका भी बनाई जाए और डुप्लीकेट सेवा पुस्तिका कर्मचारियों के पास अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि हर कर्मचारी की गोपनीय चरित्रावली प्रतिवर्ष लिखी जाए उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई कर्मचारियों को समय मान वेतनमान का लाभ गोपनीय चरित्रावाली न होने के चलते उन्हें नहीं मिल पाया है, उन्होंने ऐसे शेष रह गए कर्मचारियों की शीघ्र ही गोपनीय चरित्रावली अधिकारियों से एवं शाखा प्रभारी से लिखवा कर उन्हें समय मान वेतनमान का लाभ देने के निर्देश दिए। स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि नायब तहसीलदार के 17 पद के विरूध 15 पद भरे गए हैं। उन्होंने अन्य शाखाओं मैं कर्मचारीयों के रिक्त पदों की जानकारी ली। बताया गया की सहायक ग्रेड 3 से लेकर अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं स्थापना शाखा में ही संधारित की जा रही है। कमिश्नर ने समय मान वेतनमान पंजी, अवकाश पंजी, कंटीन्जेंसी पंजी, रोकड़ पंजी, चालान बुक, बिल पंजी का बारीकी से निरीक्षण किया एवं कर्मियों की ओर शाखा प्रभारियों का ध्यान आकर्षित कराया तथा निर्देश दिए कि उक्त कर्मियों को समय रहते दूर कर सुधार किया जाए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की सेवा पुस्तिकाओं में अधिकारियों के हस्ताक्षर महत्वपूर्ण रहते हैं इसलिए प्राथमिकता से अधिकारियों के हस्ताक्षर कराए जाएं।



## सचिव की अनियमितताओं के संबंध में एसडीएम के नाम शिकायती आवेदन



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बमनौदा में लगातार शासन की योजनाओं का दुरूपयोग ग्राम पंचायत सचिव द्वारा किया जा रहा है, जिससे जन सामान्य को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ऐसा शिकायती आवेदन  में कहना ग्राम के ग्राम वासियों का है इसी संबंध में एक शिकायती आवेदन तहसील पहुंचकर एसडीएम के नाम दिया गया है जिसमें ग्राम के लोगों ने उल्लेख किया गया है कि ग्राम टेड़ महगुवां में सी. सी. नाली की राशि आहरित की जा चुकी है, और धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया है। आहरितं राशि लगभग 2 लाख रूपये जो दिनांक 14 फरवरी 2023 को आहरित की गई है,  ग्राम सातापैरी में पुलिया निर्माण की राशि लगभग 3 लाख रूपये आहरित की जा चुकी है, जिसका कार्य 0 प्रतिशत है, ग्राम बमनौदा में किसानों के कुंआ का खनन हुआ ही नहीं है, और समस्त प्रकार की राशि आहरित की जा चुकी है।

## अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई, 7 डंपर और एक जेसीबी जप्त

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इस क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कई वाहनों को जप्त किया गया है।

जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार तहसील माखननगर के ग्राम झालसरसेठ स्थित तवा नदी से रेत खनिज का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर एक जेसीबी मशीन (क्रमांक MP05DB0991) को जप्त किया गया। इसके अलावा, ग्राम पांजरा रोड, तवा पुल के पास से एक डंपर (क्रमांक MP04ZY6393) को गिट्टी के अवैध परिवहन करनें पर जब्त किया गया। इसी प्रकार सिवनीमालवा बायपास रोड से छह डंपर (MP04HE8809, MP09GE5298, RJ09GF7772, RJ09GE1535, MP47ZB9839, MP13H1080) को रेत खनिज के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जप्त किया गया है।

उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज अधिकारी  दिवेश मरकाम, तहसीलदार सिवनीमालवा  नितिन राय, खनि निरीक्षक पिंकी चौहान, प्रभारी खनि निरीक्षक  कृष्णकांत सिंह परस्ते, खनिज सिपाही हेमंत राज एवं होमगार्ड बल की उपस्थित रहे। जप्त किये गये वाहनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



## ऋण वसूली 30 अप्रैल तक बढ़ाने किसान संघ ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

**गंजबासौदा।** भारतीय किसान संघ ने किसानों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी को दिया गया है। जिसमें कहा गया है कि भारतीय किसान संघ किसानों के लिए किसानों के द्वारा चलाए जाने वाला गैर राजनीतिक राष्ट्रवादी संगठन है जो समय समय पर किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु तत्पर है जिसमें किसान संघ की प्रमुख मांगें है।  जिला सहकारी कॉपरेटिव बैंक द्वारा किसानों से ऋण वसूली तारीख को 31 मार्च  से बढ़ाकर 30 अप्रैल की जाए। वर्तमान में समर्थन मूल्य पर मसूर खरीदी प्रति हेक्टेयर 11 कुंटल है जो बढ़ाकर 16 कुंटल प्रति हेक्टेयर किया जाए तथा समस्त खरीदी केन्द्रों पर बड़े कांटे से तुलाई कराई जाए। समर्थन मूल्य पर खरीदी पर कोई भी ऋण राशि किसानों से न वसूली जाएं। एवं कृषि उपज मंडी में धर्मकांटे पर टोकन व्यवस्था की जाए जिससे किसानों को तुलाई में सुविधा हो। चारों कांटों पर समान रूप से तौल कराई जाए जिससे किसानों के समय की बचत हो। कुछ व्यापारियों द्वारा पास के कांटे पर तौल न करवाते हुए दुकान से दूर के कांटे पर तौल कराई जाती है इसे रोका जाए। किसानों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की जाए। कृषि उपज मंडी प्रांगण में ही किसानों को भुगतान किया जाए। ज्ञापन में भारतीय किसान संघ के सदस्य मौजूद रहे।




**मेट्रो एंकर** एसडीएम को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

## किसानों ने लगाया तौल कांटे में गड़बड़ी का आरोप

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**

सिवनी मालवा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोठरा के किसानो ने बुधवार दोपहर कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम सरोज सिंह परिहार को सौंपा। ज्ञापन में बताया की ग्राम कोठरा सोसायटी में पंचमुखी वेयरहाऊस पर गेंहू की खरीदी की जा रही है। जिसमे धर्म कांटे में छेड़छाड़ कर किसानो का कम गेंहू तौला जा रहा है वही अन्य कांटे पर तौलने पर गेहूं अधिक निकल रहा है। जिससे किसानो को प्रतिदिन सैंकड़ों क्विंटल का नुकसान हो रहा है।

मंगलवार शाम एक किसान द्वारा जब उक्त वेयर हाउस के कांटे पर तुलाई करवाने के बाद जब हाथ कांटे से तुलाई कराई गई तो 30 क्विंटल गेंहू की तुलाई पर लगभग 01 क्विंटल 10 किलो गेंहू अधिक पाया गया। जो समिति प्रबंध सुनील मुकाती निवासी कोठरा तथा वेयर हाउस संचालक सचिन अग्रवाल उर्फ़ विक्की को किसानो द्वारा बताया गया और आपत्ति ली गई तो उनके द्वारा किसान तथा अन्य साथियों के साथ गाली गलोच तथा अभद्र व्यवहार एवं बहसबाजी की गई।

किसानो ने बताया की जब पूरे मामले में विवाद बढ़ने लगा तो समिति प्रबंधक द्वारा किसानों को लिखित में दिया गया की जिनका माल ख़रीदा है उनका बिल 1 क्विंटल अधिक से बनाया जाएगा। हमारी मांग की है की उक्त समिति प्रबन्धक सुनील मुकाती तथा वेयर हाउस संचालक सचिन अग्रवाल उर्फ़ विक्की पर उचित कार्यवाही की जावें। साथ ही वेयर हाउस को ब्लैकलिस्टेड किया जाए। तथा अब तक जिन किसानो के द्वारा माल बेचा गया है उसकी भी जांच कर उनको बाकि राशी दिलवाई जाए। जिससे की किसानो के साथ इस तरह को धोखाधडी की घटना घटित ना हो। किसानो ने चेतावनी भी दी की यदि जल्द जांच कर कार्रवाई नहीं की जाती है तो किसानो के द्वारा उग्र आन्दोलन किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। वही पूरे मामले में एसडीएम सरोज सिंह परिहार ने किसानो को आश्वासन दिया की मामले की निष्पक्ष जांच कराई जायेगी और जो भी दोषी पाया जाता है उस पर एफआईआर दर्ज कराई जायेगी।



# कलेक्टर ने कंट्रोल रूम व्यवस्था का लिया जायजा



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला मुख्यालय पर संचालित स्थाई कंट्रोल रूम में पहुंचकर क्रियान्वित व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। इस दौरान अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर भी साथ मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से टाईअप विकासखण्ड स्तरीय कंट्रोल रूमो से जानकारियां प्राप्ति के लिए ईजाद की गई विधि की विस्तृत जानकारी प्राप्त की है। गौरतलब हो कि उक्त कंट्रोल रूम के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन के आवेदको से भी सम्पर्क किया जा रहा है ताकि संबंधित विभाग के द्वारा आवेदक से संवाद किया गया है कि नहीं कि क्रास मानिटरिंग व्यवस्था क्रियान्वित की जा रही है।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम से ग्रीष्मकाल के दौरान सभी अनुविभागीय और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कंट्रोल रूमो को प्राप्त होने वाली शिकायतो की मानिटरिंग के लिए विशेष व्यवस्था क्रियान्वित करने के निर्देश कंट्रोल रूम प्रभारी को दिए गए है।

कलेक्टर श्री सिंह ने निरीक्षण भ्रमण के दौरान कंट्रोल रूम में संधारित विभिन्न पंजियों सहित अन्य दस्तावेंजो का अवलोकन निरीक्षण किया। उन्होंने जो भी समस्याएं कंट्रोल रूम को प्राप्त होती है अविलम्ब जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के साथ-साथ संबंधित अनुविभाग क्षेत्र के एसडीएम को भी सूचित करें और हुए संवाद का विवरण पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं।

### एनआईसी कक्ष का जायजा

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट में संचालित एनआईसी कक्ष में पहुंचकर क्रियान्वित व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं विभिन्न प्रकार के ऑन लाइन जनरेट होने वाले पत्रको में दाखिल करने वाली जानकारियां की प्रक्रिया से अवगत हुए है। इस अवसर पर एनआईसी के डीआईओ एमएल अहिरवार, लोक सेवा गारंटी के प्रबंधक अमित अग्रवाल भी साथ मौजूद रहें।

## दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला सिरोंज में हुआ प्रारंभ

# किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं की जानकारी मिलेगी सुगमता से : शर्मा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आज 26 मार्च बुधवार को सिरोंज विकासखण्ड के ग्राम वीरपुर स्थित महामाई मंदिर परिसर में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।





कृषि विज्ञान मेला के शुभारंभ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा किसानो के हितो में संचालित की जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी स्थानीय कृषको को सुगमता से प्राप्त होगी। उन्होंने कृषक सम्माननिधि, फसल बीमा, शून्य ब्याज पर ऋण इत्यादि के अलावा खाद बीज की उपलब्धता और सिंचाई हेतु सिरोंज विधानसभा क्षेत्र में किए गए प्रबंधो को रेखांकित किया है।

कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने कहा कि प्रदेश के किसानो की आमदनी दुगनी हो इसके लिए चहूंओर प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे है उन्होंने जिले के कृषको से आव्हान किया कि जैविक खेती को अधिक से अधिक उपयोग करें उन्होंने नगदी फसलो से होने वाली आमदनी पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परम्परागत खेती किसानी की जगह आधुनिक खेती के लिए जो विधि, संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे है उन सबका किसान भाई अधिक से अधिक दोहन करें। उन्होंने रासायनिक खाद एवं कीटनाशक दवाओं से होने वाली बीमारियों से बचने के लिए जैविक खेती पर बल दिया है।

शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा ने कृषकों को संबोधित करते हुये कहा कि मैं भी एक किसान हूं और अपने खेतों में स्वयं ट्रेक्टर भी चलाता हूं और कृषि संबंधित ज्ञान पाने के लिए हमेशा लालायित रहता हूं। उन्होंने कृषकों से आव्हान किया कि इस प्रकार के मेलों से आप भी उन्नत कृषि तकनीक का ज्ञान प्राप्त कर लाभान्वित हों।

इससे पहले अतिथियों ने कृषि विज्ञान मेला का शुभारंभ मां सरस्वती जी की पूजन, दीप प्रज्जवलित और कन्या पूजन कर किया गया। मेले के प्रारंभ में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक श्री केएस खपेडिया द्वारा मेले के उद्देश्य एवं विभाग द्वारा कृषक हित में चलाई जा रही योजनाओं को रेखांकित किया!

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अतिथियों के द्वारा मेले में विभिन्न विभागो के द्वारा लगाए गए स्टॉलो के माध्यम से प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया है। मेला परिसर में विभिन्न शासकीय एवं निजी कंपनियों के 28 स्टॉल लगाये गये थे। जिनमें कृषक उपयोगी नई नई तकनीक एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। स्टॉल का अवलोकन कर रहे कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने उत्पाद एवं तकनीकों के बारे में उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

### आयोजित हुई कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा

मेले में कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा से आये कृषि वैज्ञानिक डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन के बारे में बहुत ही सहज तरीके से उपस्थित कृषकों को जानकारी दी। अतिथियों द्वारा भी वैज्ञानिकों से कृषि संबंधी अपनी जिज्ञासा व्यक्त की जिसका समाधान किया गया। उद्यानिकी विशेषज्ञ श्रीमति प्रीति चैहान ने कृषकों को कृषि फसलों के साथ -साथ उद्यानिकी फसलें भी लगाने पर बल दिया तथा उद्यानिकी फसलों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया।

कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के कृषि वैज्ञानिक घनश्याम जामलिया ने विभिन्न फसलों की नई-नई किस्मों एवं उनके लिये आवश्यक खाद एवं पौषक तत्वों की जानकारी कृषकों को दी।

पूरे जिले से आये कृषकों ने मेले में लगी प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा कृषि वैज्ञानिक परिचर्चा के माध्यम से विभिन्न नवीन तकनीकों को जाना। कार्यक्रम का संचालन रामलखन शर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी ने तथा आभार प्रदर्शन महेन्द्र कुमार ठाकुर, सहायक संचालक कृषि ने किया।

जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला के शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाव सिंह कुर्मी, जनपद पंचायत सिरोंज अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा हमीर सिंह यादव, जनपद पंचायत लटेरी अध्यक्ष श्रीमति सीमा बृजमोहन कलावत, कृषि स्थायी समिति सिरोंज अध्यक्ष श्रीमति राजनीता अरविंद्र बघेल समेत अन्य जनप्रतिनिधिगणों के अलावा विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी, कृषकगण, कृषि वैज्ञानिक, कृषि अधिकारियों, शासकीय एवं निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

# महामाई के दरबार में चैत्र नवरात्रि उत्सव मेला हुआ आरंभ, गूंजे भक्ति के तराने

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

नगर की आराध्य देवी डांग वाली मां महामाई के दरबार में पंद्रह दिवसीय चैत्र नवरात्रि मेले प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि उत्सव गुड्डी परमार से प्रारंभ होगा उससे पहले पांच दिवसीय लोकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध भजन गायक पवन तिवारी ने

मंगलवार की रात में महामाई के दरबार में पूजा अर्चना कर भजन संध्या में एक से बढ़कर एक भजनों से श्रोताओं का समां बांध शेरा वाली मातारानी करती मेहरबानी माँ, श्रीराम कहानी अंखियों में पानी सुनाकर भजन संध्या का रंग जमाया। इसके बाद राम कृष्ण के साथ होरी के संगीतमय सुमधुर भजनों का जो सिलसिला शुरू हुआ वह रात करीब एक बजे तक चलता रहा। इस दौरान उन्होंने अपने प्रसिद्ध भजन एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए, तेरी लगन में खो जाऊं दुनिया से किनारा हो जाए, श्री राम जय राम श्री राम जय जय राम तथा मैया तेरे का थी रे मन में,रामसिया भेज दए रे वन में भजन गाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विधायक उमाकांत शर्मा सहित श्रोताओं की होली सहित अन्य पसंद के भजनों की फरमाइशों को भी पवन तिवारी ने सुनाया। होली के भजनों पर विधायक उमाकांत शर्मा ने भी जमकर नाचे सभी को फागोत्सव की बधाईयां दी। इसके पूर्व महामाई सेवा समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने बुंदेलखंड के





कलाकारों का माता की चुनरी,पटका से स्वागत भी किया।

महामाई सेवा समिति द्वारा इस बार मेले के आयोजन को लेकर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को राजस्थान के प्रसिद्ध लोक नृत्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। गुरुवार को गाथा श्री राम मंदिर की संगीतमय प्रस्तुति का आयोजन होगा। शुक्रवार को बुंदेली गीत लोकनृत्य बधाई एवं नौरता नृत्य की प्रस्तुति बुंदेलखंड के कलाकार देंगे। लोककला सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतिम पांचवे दिन सती लीला की नाट्य प्रस्तुति का आयोजन होगा। रविवार को चैत्र नवसंवत्सर के प्रारंभ होने के साथ ही मंदिर प्रांगण में बनी यज्ञशाला में श्री नवदुर्गा शतचंडी महायज्ञ प्रारंभ होगा। इसके पूर्व प्रातःकाल में नववर्ष आगमन के उपलक्ष्य में भगवान सुर्य नारायणको अर्घ्य एवं ब्राह्मणों द्वारा शंखनाद किया जाएगा। इसी दिन से दोपहर तीन बजे से प्रांगण में प्रतिदिन होने वाली रासलीला एवं रात्रि नौ बजे से रामलीला का मंचन प्रारंभ होगा। एक अप्रैल मंगलवार को प्रतिवर्ष होने वाले विशाल देवी जागरण का आयोजन होगा जिसमें मुंबई के प्रसिद्ध भजन गायक चरणजीत सिंह सौंधी टीम मधुर आवाज सुनने को मिलेगी।

### भागवत कथा और शिव महापुराण को लेकर आज निकलेगी कलश यात्रा

**गंजबासौदा।** रजोदा न्यायालय रोड स्थित नागेश्वर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें भागवत कथा एवं शिव महापुराण के आयोजन को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। कथा 27 मार्च से 4 अप्रैल तक होगी। जिसकी कलश यात्रा गुरुवार को शीतला माता मंदिर से दोपहर एक बजे प्रारंभ होकर कथा स्थल तक पहुंचेगी। जिसके कथा प्रवक्ता होंगे आचार्य पंडित विकास आनंद ऐलिया कथा आयोजन समस्त रजोदा नगर वासियो द्वारा हो रही है। आप सभी धार्मिक आयोजन में श्रीमद् भागवत कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें, आप सभी का एकत्रित होना अति आवश्यक है आप सब की उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है बैठक में उपस्थित सरीना राजेश राय माथुर रजनी शर्मा ने कलश यात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।



# सर्वेयर-पटवारियों ने किसानों की बढ़ाई मुश्किल आधी फसल ही समर्थन मूल्य पर तुल पाएगी!

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सरकार जहां किसानों के हित में लगातार ठोस कदम उठाने की बात करती है। वहीं विकासखंड में गिरदावरी का कार्य निजी सर्वेयरों ने पटवारियों के साथ मिलकर किया था अधिकांश पटवारियों ने जिस समय गिरदावरी का कार्य हो रहा था उस समय कोई ध्यान नहीं दिया इसके चलते सर्वेयरों ने अपने हिसाब से गिरदावरी का कार्य करते हुए कृषकों की चिंताएं बढ़ने का काम कर दिया है सिंचित भूमि को असंचित करने का करनामा कर दिया इसके चलते समर्थन मूल्य पर इनकी लापरवाही के चलते किसानों की आदि फसल की तुलाई हो पाएगी बाकी फसल बेचने मैं आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।मंडी में दम कम मिल रहे हैं इस वजह से इनकी परेशानी और भी ज्यादा बढ़ गई है। हमेशा किसानों के साथ इसी तरह की लापरवाही इनके द्वारा की जाती अधिकांश पटवारी धरातल पर जाते नहीं है इस वजह से ऐसे हालात बने हैं अब किसान अपनी परेशानी दूर करवाने के लिए इनके चक्कर लगा रहा है।

प्रशासन करें ठोस कार्रवाई - जब सरकार किसानों के लिए लगातार कार्य कर रही है इसके अलावा केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले में ऐसी लापरवाही देखने को मिल रही है इतनी बड़ी लापरवाही कैसे पटवारियों ने कर दी इन्हें तो प्रत्येक किसानों की जानकारी होती है फिर इन्होंने गिरदावरी के समय ध्यान नहीं दिया निजी सर्वेयरों ने अपने हिसाब से फसल और भूमि चढ़ा दी इनकी लापरवाही के कारण



किसान परेशान हो रहे हैं। वहीं गंभीर लापरवाही करने वालों पर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को धरातल पर कार्य करने वाले पर ठोस कार्रवाई करनी होगी जिससे कि भविष्य में इस तरह की लापरवाही ना हो यदि कार्रवाई नहीं हुई तो फिर दोबारा से ऐसे हालत निर्मित होंगे। गड़बड़ी को बदलने के लिए भी जिम्मेदार अधिकारियों को धरातल पर जल्दी ही ठोस कदम उठाने होंगे नहीं तो किसानों के गुस्से का सामना भी प्रशासन को करना पड़ेगा इस समय फसल की तुलाई समर्थन मूल्य पर हो रही है जिन किसानों की भूमि सिंचित उस हिसाब मन से समर्थन मूल्य पर नहीं खरीदी होगी तो किसान फसल बेचने के लिए प्रदर्शन भी करेंगे। रिकॉर्ड में असंचित के हिसाब से दर्ज हो गई है। फसल की पैदावार सिंचित के हिसाब से हो रही है। किसानों के काम में लापरवाही में करने वालों पर भी जल्दी कर्रवाई हो। दूसरी ओर किसानों को सिंचित फसल के हिसाब से ही समर्थन मूल्य बेचने का अवसर नहीं मिले यदि ऐसा नहीं हुआ तो किस बड़ा आंदोलन भी करेंगे इसके कारण प्रशासन की मुश्किलें बढ़ जाएगी इससे अच्छा है कि समय रहते किसान हित में जिम्मेदार अधिकारी रिकॉर्ड में लापरवाही करने वालों से ही ठीक करवा कर उनकी वास्तविक रिपोर्ट खसरा नंबरों पर दर्ज करें जिससे कि किसानों को समर्थन मूल्य पर सिंचित भूमि के हिसाब से ही अपनी फसल को विक्रय करने का अवसर मिले ऐसा नहीं होने पर किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ेगा वैसे इस बार पैदावार अच्छी हुई है दूसरी ओर असंचित भूमि होने से इनको फसल बेचने में कठिनाइयों का सामना भी करना पड़ेगा आदि फसल इनकी सरकारी केंद्रों नहीं होगी तो बाकी फसल को मंडी में बेचने पर इन्हें बहुत नुकसान उठाना पड़ेगा इस वजह से किसान चिंतित हैं इनकी चिंता भी जायज है अब देखना है कि प्रशासन किसानों की समस्या का समाधान कर पाएगा या नहीं।

### इनका कहना है

"गिरदावरी के समय त्रुटि हुई है उसको ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं पटवारी को भी नोटिस जारी करके जवाब मांगा है।"

**-ललित सक्सेना**
नायब तहसीलदार

**मेट्रो एंकर** शाला में पहला कदम अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार

# पीले चावल देकर न्यौता, डोर-टू-डोर सम्पर्क करने का आव्हान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में शाला में पहला कदम अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए है गौरतलब हो कि एक अप्रैल से शुभांरभ होने वाले शाला में पहला कदम अभियान के कार्यक्रमो का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा आंगनबाडी केन्द्रो में दर्ज ऐसे बच्चे जो छह वर्ष की आयु के हो गए है उन सभी बच्चों का दाखिला कक्षा पहली में हो इसके लिए बच्चो के अभिभावको से डोर-टू-डोर सम्पर्क करने का आव्हान समनातार क्रिंयान्वित किया जा रहा है। एकीकृत बाल विकास परियोजना विदिशा शहरी के परियोजना अधिकारी श्री संजय सिंह ने बताया कि विदिशा नगर में डोर-टू-डोर सम्पर्क करने का प्रथम चरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। पुनः स्मरण हेतु महिला एवं बाल विकास का अमला फिर से डोर-टू-डोर सम्पर्क कर हरेक घर में पीले चावल देकर बच्चों को स्कूल भेजने का



आव्हान कर रहा है।

कलेक्टर ने बताया कि कक्षा पहली में दाखिल होने वाले सभी बच्चों के आवश्यक प्रमाण पत्र समय सीमा में तैयार होकर बच्चों को प्रदाय करने का कार्य विशेष तौर पर क्रियान्वित किया जा रहा है दाखिला के दौरान ऐसे बच्चे जिनके पास समग्र आईडी नहीं है आधार कार्ड नही है जाति प्रमाण पत्र नहीं है जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेंज पहले से तैयार मिले इसके लिए जिले में एक माह पूर्व से विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

कलेक्टर ने कहा कि एक अप्रेल से स्कूल आने वाले बच्चों को उत्सव का माहौल स्कूल में मिले, शिक्षा की और बढते पहले कदम को और अधिक कारगर बनाने और बच्चों का रूझान स्कूल की ओर बढे इसके लिए जिले में पृथक से वैकल्पिक प्रबंध सुनिश्चित किए गए है। कक्षा पहली में दाखिला लेने वाले 20 हजार से अधिक बच्चों को जनसहयोग से किट प्रदाय की जा रही है जिसमें बच्चों की बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए आवश्यक सामग्री प्रदाय की जाएगी जिसमें पानी की बॉटल, बुक, पेंसिल बाक्स, बैग किट के रूप में प्रदाय किया जाएगा। बच्चों को स्कूल में प्रवेश के दौरान उत्सव का माहौल मिले इसके लिए उन्हें टीका लगाकर फूल माला पहनाकर किट प्रदाय कर उन्हें हर रोज स्कूल आने के लिए अभिप्रेरित किया जाएगा।

लोक शिक्षण के संयुक्त संचालक द्वारा भोपाल संभाग के समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर जिले की अशासकीय, सीबीएसई, आईसीएसई विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में संचालित होने वाली पुस्तको, कापियों व यूनीफार्मो की जानकारियां जिला शिक्षा कार्यालय व अपने विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित करने की अवधि में वृद्धि की गई है नवीन निर्देशो के अनुसार जिले के पूर्व उल्लेखित शैक्षणिक संस्थानो के द्वारा अब तक उल्लेखित जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई है तो 31 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए विद्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा कराना सुनिश्चित करेंगे साथ ही विद्यालय की बेवसाइट पर भी अपलोड करने के कार्यो को अनिवार्य रूप से संपादित करेंगे।

# इंदौर में क्रिकेट का रोमांच, महिला वर्ल्ड कप के होंगे मैच

**इंदौर, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट के मैच भले इंदौर को न मिले हों लेकिन क्रिकेट प्रेमियों की निराशा विमेंस वर्ल्ड कप मैच के मिलने से दूर हो जाएगी। दरअसल, 29 सितंबर से आईसीसी विमेंस वर्ल्ड कप शुरू हो रहा है। इस बार मेजबानी भारत कर रहा है। इस नाते इंदौर में भी मैच खेले जाएंगे।

इंदौर के अलावा रायपुर, विशाखापट्‌टनम, मोहाली और तिरुवनंतपुरम में भी मैच होंगे। हालांकि, ये अभी तय नहीं है कि इंदौर में कितने मैच होंगे और कौन-कौन से देशों की टीमें यहां भिड़ेंगी। इसका शेड्यूल अभी तय होना बाकी है। मप्र को 2018 के बाद लगातार 7वें साल आईपीएल का एक भी मैच नहीं मिला है। इससे यहां के फैंस मायूस नजर आ रहे हैं। 14 जनवरी 2024 को इंदौर में आखिरी इंटरनेशनल टी-20 मैच खेला गया था। यह मैच होलकर स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच था। इसके बाद यह माना जा रहा था कि 2025 के शेड्यूल में इंदौर को एक मैच जरूर मिल सकता है। इंदौर के होलकर स्टेडियम में अब तक 9 इंटरनेशनल मैच और इतने ही आईपीएल मैच हो चुके हैं।

**5 शहरों में होंगे 8 देशों के मैच :** विमेंस वनडे वर्ल्ड कप में 8 टीमें हिस्सा लेंगी। मेजबान भारत समेत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, साउथ अफ्रीका, न्यूजीलैंड और श्रीलंका ने क्वालिफाई कर लिया है। वहीं, 2 जगह के लिए 9 अप्रैल से पाकिस्तान में क्वालिफायर मुकाबले खेले जाने हैं। इसमें पाकिस्तान, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, आयरलैंड, थाईलैंड और स्कॉटलैंड की टीमों के नाम हैं। क्वालिफायर टीम के नाम फाइनल होने के बाद ही सभी मैचों के शेड्यूल तय होंगे। मोहाली, तिरुवनंतपुरम और रायपुर में अब तक विमेंस इंटरनेशनल मैच नहीं हुए हैं। इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 2 विमेंस मैच हुए हैं, जिनमें से एक 1997 के वर्ल्ड कप में हुआ था। विशाखापट्टनम का ACA-VDCA स्टेडियम विमेंस इंटरनेशनल मैच की होस्टिंग कर चुका है। यहां 5 वनडे और 6 टी-20 खेले जा चुके हैं।




## आईपीएल की तर्ज पर मप्र प्रीमियर लीग के भी मुकाबले

**एमपीएल के मैच भी इंदौर के खाते में :** आईपीएल की तर्ज पर एमपीएल टी-20 (मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग) 2025 इस बार इंदौर में होगा। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस साल मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन को इंदौर के होलकर स्टेडियम में आयोजित करने का फैसला किया है। पिछले साल यह टूर्नामेंट ग्वालियर में हुआ था, लेकिन इस बार रोटेशन पॉलिसी के तहत इंदौर को मेजबानी मिली है। पिछले साल 9 दिन में समाप्त हुए टूर्नामेंट की तुलना में इस बार 12-13 दिन तक मुकाबले चल सकते हैं। इंदौर में 31 मई से शुरू होने जा रही इस लीग में सात टीमों के बीच मुकाबला होगा। बता दें कि 2024 के मध्यप्रदेश लीग टी-20 में ग्वालियर चीताज, मालवा पैंथर्स, रीवा जगुआर, भोपाल लेपर्ड और जबलपुर लॉयंस टीम के बल्लेबाज और गेंदबाजों ने अपना जलवा दिखाया था। इस बार उज्जैन और सागर की टीमें भी टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। एमपीएल को आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश के अन्य शहरों में भी आयोजित करने की योजना है। इसका उद्देश्य स्थानीय खिलाड़ियों को बड़ा मंच और प्रदेश में क्रिकेट को बढ़ावा देना है। पिछले साल 5 टीमों के बीच 15 से 23 जून के बीच 12 मैच खेले गए थे।

**इंदौर के रजत पाटीदार बने आरसीबी के कप्तान:** इंदौर के युवा क्रिकेटर रजत पाटीदार (31 साल) को इंडियन प्रीमियर लीग की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपना कप्तान घोषित किया है। इससे पहले फाफ डु प्लेसिस इस टीम की कप्तानी कर रहे थे। रजत को आईपीएल-2025 के लिए आरसीबी ने 11 करोड़ रुपए में खरीदा है।

### तमिलनाडु है चेस खिलाड़ियों की खान, देश में यहां सबसे अधिक ग्रैंडमास्टर

# शतरंज में भारत की बादशाहत


## दुनिया में भारतीय युवा खिलाड़ियों का धमाल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बीते साल भारत के 17 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने हाल ही में कैंडिडेंट्स खिताब जीतकर इतिहास रच दिया था। गुकेश चेन्नई के रहने वाले हैं और तमिलनाडु वो राज्य है, जिसने भारत को सर्वाधिक ग्रैंडमास्टर दिए हैं। वर्तमान में भी तमिलनाडु के खिलाड़ियों का शतरंज में दबदबा है। भारत में अभी कुल 84 ग्रैंडमास्टर हैं और इसमें से सर्वाधिक 30 खिलाड़ी चेन्नई के हैं। खिलाड़ी विश्व रैंकिंग में चेन्नई के टॉप 20 में है।

**महिला रैंकिंग में भी दबदबा 03 खिलाड़ी शीर्ष 20 में:** महिला रैंकिंग में कोनेरू हंपी पांचवें, हरिका द्रोनावल्ली 11वें और वैशाली 15वें स्थान पर हैं। 03 जूनियर खिलाड़ी टॉप-20 में~ जूनियर रैंकिंग में दिव्या देशमुख चौथे, वेलापुला सराया पांचवें और सविता श्री 11वें नंबर पर हैं।

**राज्य में कई चेस क्लब:** राजधानी चेन्नई ही नहीं बल्कि पूरे तमिलनाडु में शतरंज का अच्छा कल्चर है और यहां कई चेस क्लब हैं। भारतीय चेस फेडरेशन भी शुरुआत में चेन्नई में ही था।



### लोकप्रियता बढ़ी

भारत में पिछले 20 सालों में शतरंज की लोकप्रियता तेजी से बढ़ी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2010 में भारत में ग्रैंडमास्टर की कुल संख्या 20 के करीब थी लेकिन पिछले 20 सालों में देश में करीब 60 खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर बने। इससे साफ जाहिर है कि युवा खिलाड़ी इस खेल के प्रति तेजी से आकर्षित हो रहे हैं।

### 84 ग्रैंडमास्टर भारत में...

तमिलनाडु ने मैनुअल आरोन के रूप में भारत को पहला अंतरराष्ट्रीय मास्टर और विश्वनाथन आनंद के रूप में पहला ग्रैंडमास्टर दिया है। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों का यहां काफी प्रभाव है और बच्चे इन्हें अपना रोल मॉडल मानते हैं जबकि अन्य राज्यों में रोड मॉडल की कमी है। तमिलनाडु में चेस खिलाड़ियों के आगे बढ़ने की वजह माता-पिता की जागरुकता के अलावा जमीनी स्तर से लेकर स्कूल तक अच्छी सुविधाएं व समर्थन मिलना हैं। युवा खिलाड़ी प्रग्गनानंदा और वैशाली के पिता रमेशबाबू ने कहा, मेरे दोनों बच्चों को स्कूल से काफी समर्थन मिला। उन्हें पढ़ाई का पूरा कोर्स घर पर ही उपलब्ध कराया गया और होमवर्क भी नहीं दिया। बच्चे सिर्फ परीक्षा देने स्कूल जाते थे। मेरा मानना है कि ये सुविधा सिर्फ तमिलनाडु में है, जहां चेस खिलाड़ियों को इस तरह का प्रोत्साहन मिलता है।

# फुटबॉल: इंटर मिलान ने फाइनल में एसी मिलान को रोमांचक मैच में 2-1 से दी शिकस्त

**रोम, एजेंसी**

इंटर मिलान ने यहां खेले गए रोमांचक फाइनल में एसी मिलान को 2-1 से शिकस्त दी और 20वीं बार सीरी-ए खिताब जीता। इंटर मिलान सर्वाधिक खिताब जीतने वाली दूसरी टीम है। इस सूची में जुवेंटस (36) शीर्ष पर है। इंटर मिलान ने आखिरी बार 2020-21 में आखिरी बार खिताब जीता था। यह इंटर मिलान की एसी मिलान पर सभी टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत है। इंटर मिलान के लिए पहला गोल 18वें मिनट में फ्रांसिस्को और 49वें मिनट में दूसरा गोल मार्कस थुरेम ने किया। वहीं, एसी मिलान के लिए एकमात्र गोल 80वें मिनट में फिकायो टोमोरी ने दागा।






# म्यूचुअल फंड्स में हर 4 में से एक निवेशक महिला, एयूएम भी 5 साल में दोगुना हुआ

## मेट्रो बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी**

म्यूचुअल फंड्स में हर चार में से एक यूनीक इंडिविजुअल इन्वेस्टर अब महिलाएं हैं, जो महिलाओं के वित्तीय सशक्तीकरण की बढ़ते ट्रेंड को दर्शाता है। म्यूचुअल फंड्स के संगठन एम्फी और रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की ज्वाइंट रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर 2024 तक म्यूचुअल फंड निवेशकों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 25 फीसदी हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक महिलाओं का असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) यानी कुल प्रबंधनीय संपत्ति भी पांच साल में दोगुनी हो गई है। मार्च 2019 में महिलाओं का एयूएम 4.59 लाख करोड़ रुपए था, जो कि मार्च 2024 में बढ़कर 11.25 लाख करोड़ रुपए हो गया। इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स के कुल एयूएम में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर अब 33 फीसदी हो चुकी है। निवेश को लेकर प्राथमिकताएं भी तेजी के साथ बदली हैं। 2024 में महिलाओं के एयूएम में इक्विटी फंड्स में आवंटन बढ़कर 63.7 फीसदी हो चुका है, जो 2019 में 43.3 फीसदी था। जबकि डेट फंड में पार्टिसिपेशन 22.6 फीसदी से गिरकर 10.7 फीसदी रह गया। महिलाएं अब फिजिकल गोल्ड के बदले गोल्ड ईटीएफ में निवेश कर रही हैं। इसमें महिलाओं का निवेश 2019 के 5.2 फीसदी से बढ़कर 2024 में 24.9 फीसदी हो गया है। महिलाओं का लार्ज कैप में निवेश 5 साल में 6त्न तक गिरा है, जबकि स्मॉलकैप में निवेश 6.2 फीसदी से बढ़कर 10.2 फीसदी हो गया। एयूएम बढ़ाने में छोटे शहरों से आने वाली महिलाओं की तेजी से बढ़ती हिस्सेदारी का बड़ा योगदान है।




# दवा निर्यात 10 फीसदी से बढ़कर 27.9 अरब डॉलर हुआ


**नईदिल्ली, एजेंसी**

देश से दवाओं के निर्यात में सालाना आधार पर 9.67 फीसदी बढ़कर 27.9 अरब डॉलर पहुंच गया। 2023-24 के दौरान यह आंकड़ा 25.4 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में भारत से 2.8 अरब डॉलर की दवाओं का निर्यात किया गया। यह मार्च, 2024 की तुलना में 12.73 फीसदी अधिक है। भारत औसतन हर महीने दो से तीन अरब डॉलर के औषधि उत्पादों का निर्यात करता है। एक उद्योग विशेषज्ञ ने कहा, अमेरिका जैसे देशों में बढ़ते अवसरों और मांग से निर्यात को मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज करने में मदद मिल रही है। सरकार ने प्रमुख दवा सामग्री और जेनेरिक दवाओं के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए दो उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाएं शुरू की हैं। घरेलू दवा उद्योग का कारोबार 2030 तक बढ़कर 130 अरब डॉलर से अधिक हो सकता है। बाजार अवसरों के विस्तार और विदेश में बढ़ती मांग के दम पर यह लक्ष्य हासिल हो पाएगा।

# टेबल टेनिस: श्रीजा सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग के 38वें पायदान पर

**नईदिल्ली, एजेंसी**

महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला के लिए अभी तक साल 2024 काफी बेहतरीन रहा है और इसका फायदा उन्हें ताजा वर्ल्ड टेबल टेनिस रैंकिंग में मिला है। श्रीजा करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 38वें पायदान पर पहुंच गई हैं और वह भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वहीं, स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा उनसे एक स्थान नीचे 39वें नंबर पर हैं। महिलाओं में चीन की सुन यिंगसा शीर्ष पर हैं। वहीं पुरुषों में अनुभवी अचंता शरथ कमल 37वें नंबर के साथ शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हैं। जी साथियान 60वें और मानव ठक्कर 61वें स्थान पर हैं। इस सूची में चीन के पांच खिलाड़ी शीर्ष पांच पर है। वेंग चूक्विन पहले स्थान पर हैं।



# खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने पांचवीं बार जीता अवार्ड

**मैड्रिड, एजेंसी**

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने आयोजित समारोह में रेकॉर्ड पांचवीं बार लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड जीता। इसके साथ ही नोवाक ने स्विट्जरलैंड के पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर के सर्वाधिक बार यह अवॉर्ड जीतने की बराबरी कर ली। सर्वाधिक 24 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले जोकोविच ने इससे पहले, 2016, 2019 में यह सम्मान हासिल किया है। फीफा विश्व कप 2023 में गोल्डन बॉल ट्रॉफी जीतने वाली स्पेन की फुटबॉलर एताना बोनमाती को स्पोर्ट्सवुमेन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानिक किया गया। वहीं, विश्व चैंपियन स्पेनिश टीम को पहली बार लॉरियस टीम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है।



**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान ने संजय दत्त को लेकर किया बड़ा एलान

सलमान खान ने सिकंदर फिल्म रिलीज से पहले बड़ा ऐलान किया है। सलमान खान ने ऐलान किया है कि वह चल मेरे भाई के एक्टर संजय दत्त के साथ जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। हालांकि, सलमान खान ने फिल्म का नाम नहीं बताया है। सलमान और संजय दोनों साथ काम करेंगे, फैंस के लिए यही बड़ी बात है। वहीं, भाईजान ने एटली के साथ फिल्म में देरी की बताई यह वजह। मुंबई में एक प्रेस कांफ्रेंस में सलमान खान ने संजय दत्त के साथ फिल्म करने का ऐलान किया। सलमान खान ने कहा कि फिल्म का अधिकारिक तौर पर बाद में ऐलान किया जाएगा। हालांकि मीडिया ने सलमान खान से कई बार इस फिल्म का नाम पूछा। इस पर सलमान खान ने कहा फिल्म देहाती और उच्च स्तर की होगी। सलमान खान ने फिल्म की कहानी के बारे में भी कुछ नहीं कहा है।


**क्या है सलमान के साथ एटली की फिल्म के देरी का कारण?:** सलमान खान ने बताया कि एटली के साथ उनकी फिल्म में देरी की सबसे बड़ी वजह है बजट। अभिनेता ने कहा उन्होंने बहुत बड़े बजट की एक्शन फिल्म लिखी है, इसके डिले का कारण सिर्फ पैसा है। साथ ही उन्होंने रामायण का उदाहरण देते हुए कहा कि वो नार्थ और साउथ दोनों के कलाकारों को कास्ट करते हैं, जिससे उनकी फिल्में चल सके। अभिनेता ने कहा कि जब उनकी फिल्म साउथ में रिलीज होगी, तो उनके दर्शक फिल्में नहीं देखने जाते। इसके अलावा अभिनेता ने कहा कि अगर हिन्दी फिल्मों के पास 20-30 हजार सिनेमाघर होते तो, हम हॉलीवुड को पीछे छोड़ देते।



**सलमान के पास हैं दो फिल्में:** प्रेस कांफ्रेंस में सलमान खान ने बताया कि उनके पास दो फिल्में हैं। इसमें से एक फिल्म निर्माता 'सूरज बड़जात्या' के पास है। इन्होंने सलमान खान के साथ कई यादगार फिल्में बनाई हैं। सलमान ने कहा कि बड़जात्या की फिल्म अगली फिल्म हो सकती है जो रिलीज होगी।

**संजय की फिल्म का ट्रेलर जोड़ा जाएगा:** आपको बता दें कि सलमान खान और संजय दत्त ने साजन, दस और चल मेरे भाई जैसी फिल्मों में काम किया है। दोनों एक्टर अपनी ऑन-स्क्रीन दोस्ती के साथ-साथ ऑफ-स्क्रीन दोस्ती के लिए जाने जाते हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि जब सिकंदर सिनेमाघरों में रिलीज होगी तो संजय दत्त की अगली फिल्म द भूतनी का ट्रेलर इसमें जोड़ा जायेगा।

# लंदन में बेटी सुहाना के साथ 'किंग' की शूटिंग शुरू करेंगे शाहरुख!



बॉलीवुड किंग शाहरुख खान जल्द ही अपनी बेटी सुहाना खान के साथ पहली बार फिल्म 'किंग' में नजर आएंगे। फिल्म को सफल बनाने के लिए अभिनेता हर संभव प्रयास कर रहे हैं। पिता-बेटी की इस जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए शाहरुख खान ने कई योजनाएं बनाई हैं। शाहरुख खान अपनी बहुप्रतिक्षित फिल्म 'किंग' खतरनाक अंतरराष्ट्रीय डॉन की भूमिका में नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में किंग खान का ग्रे शेड किरदार होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख और सुहाना खान शुरुआत में इस फिल्म पर काम शुरू करेंगे। फिल्म की टीम को लंदन में ही कैमरे मिलेंगे, जहां कुछ बड़े एक्शन सीन शूट किए जाने की योजना बनाई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रोडक्शन टीम की कुछ योजनाएं हैं। वह खासतौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीन को फिल्माने पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं, जो कहानी का सबसे जरूरी हिस्सा होंगे। फिल्म 'किंग' एक हाई-ऑक्टेन चेज सीक्वेंस के साथ एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार है। दर्शक शाहरुख की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म को लेकर पहले से ही पूरी तैयारियां हैं। 'किंग' की शूटिंग के लिए मेकर्स प्रमुख स्थानों की तलाश कर रहे हैं। बीते दिन फिल्म से जुड़ा एक बड़ा अपडेट सामने आया था, जिसमें बताया गया कि शाहरुख खान फिल्म में डॉन की तरह ही एक ग्रे-शेड वाले किरदार की भूमिका निभाएंगे। वहीं, सुहाना खान इस फिल्म के कुछ सीन को शूट करने के लिए ट्रेनिंग ले रही हैं। फिल्म में रोमांचित कर देने वाले जबर्दस्त एक्शन सीक्वेंस होंगे। इसके लिए सिद्धार्थ आनंद ने अंतरराष्ट्रीय स्टंट टीम की मदद ली है। इनके अलावा सुजॉय घोष फिल्म के लिए दमदार डायलॉग्स लिख रहे हैं, जिससे दर्शकों को सिनेमाघर में एक रोमांचक अनुभव मिल सके।



# एक्टिंग छोड़ सेल्स गर्ल बनी श्रद्धा कपूर

*अपने बेहतरीन अभिनय, गायन और फैशन कौशल के अलावा, श्रद्धा कपूर एक बेहतरीन सेल्सवुमन भी हैं, जिसे उन्होंने अपने हालिया वीडियो में साबित किया है। श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है, इसमें वह सेल्सवुमन के तौर पर कुछ ज्वेलरी बेचती नजर आ रही हैं.*

### इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर किया है

श्रद्धा कपूर ने इंस्टाग्राम पर अपना वीडियो शेयर किया है और वीडियो में उन्होंने अपने स्टोर में सेल्सवुमन के तौर पर काम करने का अनुभव शेयर किया है. इस वीडियो को शेयर करते हुए श्रद्धा कपूर ने कैप्शन में लिखा, '10 में से कितने मार्क्स?' मेरी पहली बिक्री है... श्रद्धा कपूर इन दिनों अपने ज्वेलरी ब्रांड के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसी एपिसोड में वह हाल ही में सेल्सवुमन के किरदार में नजर आई थीं. उन्होंने अपने ब्रांड के पुणे स्टोर में सेल्सवुमेन के रूप में कुछ आभूषण बेचे। सेल्सवुमन बनकर श्रद्धा कपूर ने 10,900 रुपये का सामान बेचा। हाल ही में श्रद्धा कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पहाड़ों से अपनी कई प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। चिलचिलाती गर्मी के बीच एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर हाल ही में पहाड़ों की सैर पर निकलीं. रविवार को उन्होंने अपने वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं. श्रद्धा कपूर की इन तस्वीरों को देखकर साफ कहा जा सकता है कि वह अपनी छुट्टियों का खूब लुत्फ उठा रही हैं।

### स्त्री:2 में आई थी नजर

*आपको बता दें कि श्रद्धा कपूर लव रंजन की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आई थीं। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के अपोजिट रणबीर कपूर थे। श्रद्धा और रणबीर की ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री फैन्स को काफी पसंद आई। श्रद्धा कपूर अगली बार राजकुमार राव, पंकज त्रिपाठी और अपारशक्ति खुराना के साथ हॉरर कॉमेडी 'स्त्री 2' में नजर आई थी। 'स्त्री' 2018 में रिलीज हुई थी और ब्लॉकबस्टर रही थी, जिसके बाद अब इसका सीक्वल दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा।*

## पत्नी से कहासुनी के बाद पति ने जहर पीकर दी जान




**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित नवाब कॉलोनी में एक युवक ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। बीती पांच मार्च को उसने जहरीला पदार्थ पीया था। इससे बाद से ही उनका हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा था। मंगलवार को उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृत्युपूर्व बयान में उसने पत्नी से कमाई को लेकर होने वाले विवाद के बाद जहर खाने की बात बताई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर तफ्तीश शुरू कर दी है।बयान में कहा, घर खर्च और कमाई को लेकर होता था विवाद पुलिस के मुताबिक मूलरूप से ग्राम पडरिया जागीर थाना नटेरन जिला विदिशा निवासी अरमान पुत्र आकिब ( 32 ) सेंटिंग लगाने का काम करता था। वह यहां नवाब कॉलोनी में अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण अक्सर पति-पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। विगत पांच मार्च को भी उनके बीच विवाद हुआ। पत्नी का कहना है कि घर खर्च के लिए पैसे कम पड़ते हैं। अपनी कमाई को बढ़ाओ, ताकि घर खर्च अच्छी तरह चल सके। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और कुछ देर बाद अरमान ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पत्नी ने पड़ोसियों की मदद से उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब 20 दिन चले इलाज के बाद मंगलवार को उसकी मौत हो गई।

## घर के बाहर शराब पीने से रोकने पर बदमाशों ने मचाया उत्पात



**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित अमराई में आधा दर्जन बदमाशों ने व्यापारी के घर में घुस कर कांच तोड़ दिए। इतना ही नहीं उन्होंने उनकी कार में भी तोड़फोड़ की है। दरअसल, बदमाश उनके घर के बाहर खड़े होकर शराब पीते थे। व्यापारी ने इसका विरोध किया तो वह भड़क गए और हमला कर दिया। पुलिस के अनुसार 31 साल के दीपक नायर, अमराई में रहते है और टैंट समेत केटरिंग का काम करते हैं। इसके अलावा भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक भी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि 24 और 25 मार्च की रात को करीब साढ़े 12 बजे इलाके में रहने वाले आधा दर्जन बदमाश डंडे लेकर पहुंचे। आरोपियों ने घर से कुछ दूरी पर खड़ी उनकी कार में तोड़फोड़ की और घर के लगे चैनल गेट से घर के कांच भी तोड़ दिए। घटना के बाद से ही उनका पूरा परिवार दहशत में है।

## चोरी करने वाले बेसुराग

**भोपाल।** हबीबगंज थानांतर्गत ई-4 अरेरा कालोनी में रहने वाले डॉक्टर राजीव कुमार सक्सेना ( 72 ) के घर दिनदहाड़े धावा



बोलने वाले बदमाशों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। डॉक्टर सक्सेना बीती 20 मार्च की सुबह पत्नी उषा किरण के साथ घर पर ताला लगाकर डीआईजी बंगला स्थित अपने क्लीनिक चले गए थे। शाम करीब चार बजे वापस लौटे तो अंदर का ताला टूटा मिला। भीतर जाकर देखा तो अलमारियों के लॉकर भी उखड़े पड़े हुए थे। चैक करने पर अलमारी में रखे 70 हजार रुपए नकद, लायसेंसी रिवाल्वर के 30 कारतूस और एक मोबाइल फोन समेत करीब 95 हजार का सामान गायब था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था, लेकिन अभी तक आरोपियों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

### ऋचा सुसाइड केस

# अभिजीत की रिमांड खारिज, कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

- पुलिस ने मांगी थी 2 दिन की रिमांडे
- ऋचा के मोबाइल से मिले सुसाइड नोट अभिजीत को बताया जिम्मेदार



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र में हुई ऋचा सुसाइड केस में पुलिस ने उसके पति अभिजीत पांडे को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर दिया है। सोमवार को हिरासत में लेने के बाद बुधवार को उसकी गिरफ्तार की गई जिसके बाद उसे बुधवार को ही दिन में कोर्ट में पेश कर दिया गया। पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए कोर्ट से अभिजीत की दो दिन की रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने रिमांड की मांग को खारिज करते हुए अभिजीत को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वहीं पुलिस को ऋचा के मोबाइल फोन से सुसाइड नोट मिले है। जिसमें उसने अभिजीत को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। उसने अभिजीत के लिए सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने उसके दूसरे अफेयर होने की बात कही है और कहा कि जैसा आप चाहते थे वैसा हो रहा है।

वहीं उसने अपने माता पिता के लिए भी सुसाइड नोट छोड़ा जिसमें उसने लिखा है कि लव यू मम्मी पापा अपना ध्यान रखना। इस मामले में पुलिस इन्हीं सबूतों के आधार पर अभिजीत के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार किया।

इसके अलावा ऋचा के मोबाइल फोन से एक चैट भी मिली है जिसमें अभिजीत और ऋचा दोनों की लड़ाई हो रही है। वहीं ऋचा के फोन से मिले एक नोट को लेकर पुलिस का कहना है कि मौत से पहले उसने एक नोट कागज पर लिखा था जिसकी फोटो ऋचा ने मोबाइल से खिंची और उसका पासवर्ड अपने भाई को भेज दिया। वो नोट पुलिस को मोबाइल में तो मिला लेकिन जिस कागज पर वो नोट लिखा गया था वो अब तक पुलिस को नहीं मिला है।

जिन परिस्थितियों में ऋचा की मौत हुई है उसे लेकर ऋचा का परिवार इसे हत्या बता रहा था परिवार का अभी कहना है कि वो पीएम रिपोर्ट और बिसरा रिपोर्ट का इंतजार कर रहे है क्योंकि अगर ऋचा ने इंजेक्शन से आत्महत्या की है तो शॉर्ट पीएम में सस्पेक्टेड पॉयजन कैसे आया ।

## जय प्रकाश अस्पताल के कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** शाहजहांनाबाद थाना क्षेत्र स्थित शर्मा कॉलोनी में रहने वाले जय प्रकाश अस्पताल के कर्मचारी ने फांसी लगा ली। उनकी लाश फांसी के फंदे पर बेटे ने लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पिता की मौत से दुखी बेटा भी बयान नहीं दे सका। हालांकि यह बात जरूर सामने आई है कि उनकी पत्नी का एक साल पूर्व कैंसर से निधन हो गया था। इसके बाद से ही वह दुखी रहने लगे थे। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 58 साल के राकेश खरे शर्मा कॉलोनी, निशातपुरा में अपने बेटे के साथ रहते थे। वे जय प्रकाश अस्पताल में पैथोलॉजी लैब में नौकरी करते थे। उनका बेटे ने पुलिस को बताया कि बुधवार सुबह वह पानी लेने गया था। पानी लेकर घर पहुंचा तो पिता की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। उसकी चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए थे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद राकेश का शव पीएम के लिए भेज दिया।

### कैंसर के इलाज में हो गया था खर्च

राकेश खरे के परिचितों ने बताया कि राकेश की पत्नी का एक साल पहले ही कैंसर से निधन हुआ है। वे प्राइवेट अस्पताल में पत्नी का इलाज करा चुके थे। एक ऑपरेशन भी करा चुके थे। पत्नी के इलाज में करीब पंद्रह लाख रुपए खर्च होने के बाद भी पत्नी की जान नहीं बची। पत्नी की मौत के बाद से वह तनाव में रहने लगे थे। अनुमान है कि पत्नी की मौत से दुखी होकर उन्होंने यह कदम उठाया है। पुलिस का कहना है कि परिजन के बयान के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा।

## ट्रेन में यात्री का मोबाइल झपटा चलती रेल से गिरा यात्री घायल

**घायल यात्री ने एक लुटेरे को दबोचा, दूसरा भागने में हुआ कामयाब**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और मोबाइल झपटने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। पातालकोट एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक यात्री से मोबाइल झपटने का मामला सामने आया है। इस झपटमारी में यात्री चलती ट्रेन से कूद गया और घायल हो गया। घायल होने के बाद भी यात्री ने एक बदमाश को दबोचकर हबीबगंज पुलिस के हवाले कर दिया। हबीबगंज पुलिस ने आरोपी को रानी कमलापति जीआरपी को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार भोपाल निवासी दिव्य कौशल झा गत 25 मार्च को ट्रेन पातालकोट एक्सप्रेस के पीछे के जनरल कोच में रेलवे स्टेशन इटारसी से रानी कमलापति स्टेशन आ रहे थे। ट्रेन के रानी कमलापति स्टेशन आने से पहले वह कोच के गेट पर आकर खड़े हो गए। उनका मोबाइल हाथ में था। रेलवे स्टेशन रानी कमलापति आने से पहले गणेश मंदिर के सामने पटरी के पास दो लडके खड़े थे। उनमें से एक लडके ने दिव्य कौशल के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल नीचे गिरा लिया। ट्रेन से नीचे गिरा मोबाइल उसके साथ वाले दूसरे लडके ने उठा लिया और वहां से भाग निकला। जीआरपी ने बताया कि दिव्य कौशल भी चलती ट्रेन से कूद गए। जिससे उनकी नाक, दाहिने कंधे व दोनों पैरों के घुटनों में गंभीर चोट आई हैं। घायल हालत में ही फरियादी ने पीछा कर गणेश मंदिर के पीछे राहगीरों की मदद से एक लडके को दबोच लिया। दूसरा लडका भागने में कामयाब हो गया। फरियादी उस लडके को पकडकर हबीबगंज थाने पहुंचा, वहां से हबीबगंज पुलिस ने थाना जीआरपी रानी कमलापति भेज दिया। चलती ट्रेन से कूदने के कारण दिव्य के चेहरे, कधें व दोनों पैर बुरी तरह जख्मी हो गए। जख्मी हालत में ही उसने बदमाशों का पीछा किया और एक आरोपी को राहगीरों की मदद से दबोच लिया। लुटेरे को जीआरपी रानी कमलापति के हवाले किया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है।



### चलती ट्रेन से गिरे युवक की इलाज के दौरान मौत

**भोपाल।** सूखी सेवनिया इलाके में चलती ट्रेन से गिरे एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक बीती 20 मार्च की सुबह सूखी सेवनिया इलाके में एक युवक चलती ट्रेन से गिर गया था। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने उसे इलाज के हमीदिया अस्पताल पहुंचाया था। मृतक के पास पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिले थे और बेहोशी के कारण उसके बयान भी नहीं हो पाए थे। मंगलवार-बुधवार देर रात युवक ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए मर्चुरी में रखवा दिया है। मृतक की उम्र करीब 28 वर्ष बताई गई है। युवक और उसके हुलिए की जानकारी सभी जीआरपी थानों को नोट करवा दी गई है।

## एक साल बाद मायके से लौटी पत्नी पर पति ने किया कुल्हाड़ी से हमला



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव खेड़ली मजीदगढ़ में बुधवार सुबह दंपती में हुई कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर पति ने पत्नी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। गनीमत रही कि कुल्हाड़ी पत्नी के पैर में लगी नहीं तो उसकी जान जा सकती थी। पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर पति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

थाना प्रभारी कृष्णा ठाकुर के अनुसार ग्राम खेड़ली मजीदगढ़ निवासी जालम सिंह अहिरवार मेहनत-मजदूरी रकता है। परिवार में पत्नी रामश्री अहिरवार ( 35 ) और तीन बच्चे हैं। जालम सिंह शराब पीने का आदी है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता रहता था। इसी विवाद के चलते रामश्री करीब एक साल पहले अपने मायके चली गई थी। एक साल बाद बुधवार 26 मार्च की सुबह रामश्री पति के घर लौटी थी। पत्नी के लौटते ही जालम सिंह झगड़ा करने लगा। उसका कहना था कि अब एक साल बाद तू यहां क्यों और क्या लेने आई है। इसी बात को लेकर विवाद होने लगा। इस बीच सुबह करीब साढ़े 11 बजे जालम सिंह ने कुल्हाड़ी से रामश्री पर हमला कर दिया। रामश्री के घुटने के बाद गंभीर चोट लगी है। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच की जा रही है।

**पैर में लगी कुल्हाड़ी, बाल-बाल बची जान, पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण**

**मेट्रो एंकर** आधा दर्जन बदमाशों ने मचाया उत्पात, चार बाइक एक कार में तोड़फोड़

# रील बनाने टार्च मांगी, शराब के लिए की अड़ीबाजी, ट्रैफिक बाउंसरों पर किया पथराव

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपल चौराहा पर देर रात आधा दर्जन बदमाशों ने जमकर जमकर उत्पात किया। बदमाशों ने पहले मेट्रो निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैफिक बाउंसर पर पत्थर से हमला कर दिया।**



इसके बाद घरों के बाहर खड़ी 4 बाइक, 1 कार में तोडफोड़ कर दी। घरों पर भी पथराव किया। इससे कई मकानों की खिड़कियों के कांच टूटे हैं। इस पथराव में एक युवती भी घायल हुई है। पुलिस ने उतद्रव की सूचना मिलने पर रात ही घेराबंदी कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि उनके साथियों की तलाश की जा रही है। उत्पात करते आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए है।

जानकारी के अनुसार गोया कॉलोनी निवासी दीपक पाल मेट्रो निर्माण एजेंसी में ट्रैफिक बाउंसर हैं। उनकी ड्यूटी पीपल चौराहे के पास है। रात करीब ढाई बजे 6-7 बदमाशों का ग्रुप उनके पास पहुंचे। उनसे वीडियो बनाने के लिए टार्च मांगी। जिसे उन्होंने दे दिया। बदमाशों ने आपस में वीडियो बनाया। इसके बाद दीपक पाल से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगे। दीपक ने पैसा देने से इंकार कर दिया। तभी एक बदमाश ने उनके सिर पर टार्च मार दी। यह देख उनका सहयोगी अभिषेक बीच-बीच बचाव करने पहुंचा। वह बदमाशों से उन्हें छुड़ाने लगा। तभी एक बदमाश ने पास में ही पड़ा पत्थर उठाकर उसके सिर में मार दिया। अभिषेक को गंभीर चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है।

### पथराव से युवती घायल

बदमाश मेट्रो कर्मचारियों पर हमला करने के बाद पीपल चौराहा के पास घरों के बाहर खड़ी चार बाइक और कार में तोडफोड़ शुरू कर दी। जो भी वाहन उन्हें दिखे सभी में पत्थर-डंडे से तोडफोड़ करते रहे। तोडफोड़ की शोर सुनकर रहवासियों ने पुलिस को सूचना दी। तब तक आरोपी भाग खड़े हुए। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कराई। देर रात ही पुलिस ने लक्की कुशवाह, गौरव सोनगरा, राज यादव को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उनके तीन-चार

## डॉक्टर के गले से चेन लूटी व ऑटो में बैठकर भागे बदमाश

**ड्रायवर और लुटेरे की तलाश**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने चाय पी रहे एक डॉक्टर के गले से बदमाश ने सोने की चैन लूट ली और पहले से स्टार्ट खड़े ऑटो में बैठकर भाग निकला। पुलिस ने आटो नंबर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज कर लिया है। ऑटो नंबर के आधार पर उसके मालिक से संपर्क हो चुका है। अब पुलिस आटो ड्रायवर और लुटेरे को पकडने़ का प्रयास कर रही है। हबीबगंज पुलिस के मुताबिक डॉक्टर आदित्य चिरायु मेडिकल कालेज से एमबीबीएस करने के बाद वहीं पर डॉक्टरी करते हैं और उसी कैंपस के ब्वायज होस्टल में रहते हैं। रात को वह अपने दोस्त के साथ किसी से मिलने के लिए मिसरोद पहुंचे थे। तड़के करीब पौने तीन बजे वापस लौटते समय वह रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के सामने रुके और एक दुकान पर नाश्ता करने लगे। नाश्ता करने के बाद वह अपनी गाड़ी के पास जाने लगे, तभी पीछे से आए एक बदमाश ने उनके गले से सोने की चैन खींच ली और पहले स्टार्ट खड़े आटो में बैठकर भाग निकला।



इस दौरान डॉक्टर आदित्य ने आटो का नंबर देख लिया था। पुलिस ने आटो नंबर के आधार पर चालक और बदमाश के खिलाफ लूटपाट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि आटो नंबर के आधार पर उसके मालिक से संपर्क किया गया तो पता चला कि पांच सौ रुपये रोजाना के हिसाब से अपना आटो किराए पर चलाने के लिए दिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022